

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-13, अंक -301 जबलपुर, मंगलवार 31 दिसम्बर 2024 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


**जनकल्याण के काम प्राथमिकता से पूरे किए जाएं-मुख्यमंत्री ने रीवा एवं शहडोल संभाग में चल रहे विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा की**

## सभी विकास कार्य नियोजित ढंग से और तय समय-सीमा में ही पूरे करें-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल-(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सभी प्रकार के लंबित अधोसंरचनात्मक विकास एवं निर्माण कार्य नियोजित ढंग से जल्द से जल्द पूरे किए जाएं। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में कोई कमी न रहे। कार्य की गुणवत्ता से ही अधिकारियों का कार्य प्रदर्शन मूल्यांकन किया जाएगा। सुनिश्चित करें कि सभी प्रकार के कार्य तय समय-सीमा में ही पूरे हों। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में रीवा एवं शहडोल संभाग के विकास एवं निर्माण कार्यों संबंधी उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को उक्त आशय के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य मापदंडों के अनुरूप या गुणवत्ताविहीन पाए गए, तो इसके लिए संबंधित अधिकारी जिम्मेदार माने जाएंगे। बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र कुमार शुक्ल, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, रीवा संभाग के प्रभारी अपर मुख्य सचिव श्री जे.एन. कंसोटिया, शहडोल संभाग के प्रभारी अपर मुख्य सचिव श्री नीरज मंडलोई सहित अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन, प्रमुख



सचिव श्री संजय शुक्ला, प्रमुख सचिव श्री दीपाली रस्तोगी, प्रमुख सचिव श्री विवेक पोरवाल एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक में दोनों संभागों के सांसद, विधायक भी वर्चुअली शामिल हुए। बैठक में जल संसाधन विभाग/म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लोक निर्माण विभाग, ऊर्जा विभाग, वन विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, नगरीय प्रशासन एवं आवास विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास,जनजातीय कार्य विभाग, स्कूल शिक्षा, संस्कृति विभाग से जुड़े बिन्दुओं एवं लंबित कार्यों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनता से जुड़े कार्यों में जन-प्रतिनिधियों के सुझाव लिये ही जाने चाहिए। इसलिए सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभाग के निर्माण कार्यों के संबंध में स्थानीय सांसद, विधायक एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों से संवाद करें, उनसे सुझाव लें और इन सुझावों को अमल में भी लाएं। उन्होंने कहा कि जिन निर्माण कार्यों के पूरा होने से जनता को तुरंत राहत एवं सुविधा मिले ऐसे निर्माण कार्य प्राथमिकता से पूरे किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संभाग स्तरीय बैठकों में जिले के जन-प्रतिनिधियों को अपनी बात रखने का पर्याप्त समय नहीं मिल पाता है। इसलिए अब सभी संभागों के प्रभारी अपर मुख्य सचिव पहले जिलेंवार समीक्षा करें, सभी विधायकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की बात और सुझाव सुनें, इसके बाद ही संभाग स्तर की बैठक में समन्वित रूप से लंबित निर्माण कार्यों की समीक्षा करें।

## राहुल के विदेश दौरे पर बवाल, बीजेपी ने उठाए सवाल, कांग्रेस बोली- ये डायवर्जन की राजनीति

नई दिल्ली-(आरएनएस)। बीजेपी ने राहुल गांधी पर तीखा हमला करते हुए दावा किया कि कांग्रेस सांसद नए साल का जश्न मनाने के लिए वियतनाम गए हैं जबकि देश पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की मौत पर शोक मना रहा था। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, जिनकी 26 दिसंबर को मृत्यु हो गई, के सम्मान में पूरे देश में सात दिवसीय राष्ट्रीय शोक मनाया जा रहा है, इस दौरान पूरे देश में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। इस बीच, कांग्रेस पार्टी ने बीजेपी के आरोप पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि राहुल गांधी निजी विदेश यात्रा पर गए थे और



किसी को किसी की निजता से जुड़े मामलों पर कोई समस्या नहीं होनी चाहिए।

कांग्रेस सांसद मनिकम टैगोर ने कहा कि संघी ये %डायवर्जन% की राजनीति कब बंद करेंगे? जिस तरह से मोदी ने डॉ. साहब को यमुना किनारे अंतिम संस्कार के लिए जगह नहीं दी और जिस तरह उनके मंत्रियों ने डॉ. साहब के परिवार को घेर लिया, वह शर्मनाक है।

## सीएम योगी के आवास के नीचे भी शिवलिंग, खुदाई कराएं-अखिलेश यादव

लखनऊ (आरएनएस)। संभल में चल रही खुदाई के बीच समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर कटाक्ष किया। सीधे तौर पर सीएम का नाम लिए बिना यादव ने कहा कि चूंकि खुदाई का काम चल रहा है, इसलिए मेरा मानना ??है कि मुख्यमंत्री आवास पर भी एक शिवलिंग है। हमें विश्वास है कि वहां शिवलिंग है। हम सभी को इसकी खुदाई की तैयारी करनी चाहिए।



यादव की यह टिप्पणी तब आई है जब संभल में महत्वपूर्ण ऐतिहासिक संरचनाओं की खोज के लिए उत्खनन प्रयास जारी हैं। चंदौसी के लक्ष्मण गंज इलाके में, एक अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान 125-150 साल पुरानी और 400 वर्ग मीटर में फैली एक बावड़ी का पता चला था। यह खोज 13 दिसंबर को संभल में भस्म शंकर मंदिर के फिर से खुलने के कुछ ही दिनों बाद हुई, जो 46 वर्षों से बंद था। बिलारी के राजा के नाना के शासनकाल के दौरान निर्मित बावड़ी से एक मंदिर के कुएं के अंदर दो क्षतिग्रस्त मूर्तियाँ भी मिलीं।

## केरल में 15 फीट ऊंचे मंच से गिरीं महिला विधायक, फटा सिर, हालत नाजुक

नई दिल्ली.(आरएनएस)। केरल में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है. जहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित एक डांस इवेंट के दौरान थ्रिक्काकरा की विधायक उमा थॉमस मंच से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं. करीब 15 फीट की ऊंचाई से गिरने के कारण विधायक के सिर और फेफड़ों में चोट आई है. जिसके बाद उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया. जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है. इस बीच प्रशासन ने आयोजकों के खिलाफ एक्शन



लिया है और केस दर्ज कर लिया गया है. अस्पताल की ओर से जारी बुलेटिन में कहा गया है कि सीटी स्कैन से सिर में ग्रेड 2 डिफ्यूज एक्सोनल चोट का पता चला है. इसके अलावा, सर्वाइकल स्पाइन में भी चोटें पाई गई हैं और गिरने के कारण चेहरे और पसलियों में फ्रैक्चर है, जिससे फेफड़ों में ब्लीडिंग हो रही है. सिर की चोट की गंभीरता के बावजूद इमरजेंसी सर्जरी की जरूरत नहीं है. प्रारंभिक सीटी स्कैन में हड्डियों में कोई गंभीर फ्रैक्चर नहीं दिखा. घावों के लिए टांके लगाने सहित उपचार के बाद हालत में सुधार का आकलन 24 घंटे की निगरानी के बाद ही किया जा सकता है. इधर, मंच बनाने में खामियां मिलने के बाद पलारीवट्टम पुलिस ने आयोजकों के खिलाफ मामला दर्ज किया. हादसे के संबंध में स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के आयोजकों और लोक निर्माण विभाग के खिलाफ अग्निशमन बल की प्रारंभिक रिपोर्ट भी तैयार की गई.

**इथियोपिया में दर्दनाक हादसा**

## यात्रियों से भरा ट्रक नदी में गिरा, 60 लोगों की मौत, कई लोग लापता

अदीस अबाबा. (आरएनएस)। अफ्रीकी देश इथियोपिया में बड़ा हादसा हुआ है. यहां यात्रियों से भरा एक ट्रक नदी में जा गिरा. हादसे में 60 लोगों की जान गई है. दक्षिणी सिदामा क्षेत्र के अधिकारियों के मुताबिक यह भीषण हादसा बोना जिले में हुआ है. क्षेत्रीय संचार ब्यूरो ने रविवार देर रात जारी एक बयान में कहा कि हादसे में घायल लोगों का बोना जनरल अस्पताल में इलाज चल रहा है. सरकारी इथियोपियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन ने मुताबिक सभी लोग एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे.

## अब क्या नया बवाल हो गया! अचानक केजरीवाल के घर को इमामों ने क्यों घेर लिया?

नई दिल्ली-(आरएनएस)। ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के प्रमुख साजिद रशीदी ने कहा कि वह अपने वेतन के भुगतान के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलेंगे। उन्होंने दावा किया कि इमामों को पिछले 17 महीने से वेतन नहीं मिला है। ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के प्रमुख ने दिल्ली सरकार से विधानसभा चुनाव से पहले वक्फ बोर्ड को पैसा जारी करने का आग्रह किया। रशीदी के हवाले से कहा गया कि इमामों को पिछले 17 महीनों से उनका



वेतन नहीं मिला है, इसलिए हम दिल्ली सरकार को चुनाव से पहले वक्फ बोर्ड को यह पैसा जारी करने के लिए मनाने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि एमसीसी लागू होने के बाद पूरी प्रक्रिया रुक जाती है।

### पुजारियों और ग्रंथी को हर महीने मिलेंगे 18 हजार-केजरीवाल

नई दिल्ली-(आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले समर्थन जुटाने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को %पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना शुरू करने की घोषणा की। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस योजना का लक्ष्य मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारे के ग्रंथियों को प्रति माह 18,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

## यूनियन कार्बाइड कंपनी का जहरीला कचरा पीथमपुर में जलाने का विरोध शुरू

पीथमपुर (आरएनएस)। यूनियन कार्बाइड कंपनी परिसर भोपाल में रखा 337 टन कचरा 12 से अधिक कंटेनर्स में भरकर देर रात तक पीथमपुर पहुंचने की सूचना तेजी से फैल गई है। कचरा आने के बाद उसे हर दिन दो टन जलाया जाना है। कंपनी में भस्मक को कचरा जलाने के लिए तैयार कर लिया गया है।यह भस्मक कचरे को नष्ट कर देगा,



जिससे वातावरण में यानी हवा में उसका प्रभाव पड़ सकता है। इस प्रकार यह प्रक्रिया कई माह तक चल सकती है, जो पुलिस और प्रशासन के लिए चुनौती होगी।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहुंचे महाकाल मंदिर, बोले- दर्शन कर मैं धन्य हुआ



उज्जैन (आरएनएस)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ उपेंद्र द्विवेदी सोमवार को बाबा महाकाल के दर्शन करने उज्जैन पहुंचे। यहां उन्होंने ने गर्भगृह में पूजा-अर्चना की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि बहुत लंबे समय से बाबा महाकाल के दर्शन करने की इच्छा थी। लेकिन सभी जानते है कि जब तक महाकाल ना चाहें, तब तक उनके कोई उनके दर्शन नहीं कर सकता। महाकाल की कृपा हुई और मैं आज यहां पहुंचकर उनके चरणों में अपना मस्तक रखा।

उन्होंने कहा कि मैं महाकाल के दर्शन करने खुद को बहुत धन्य महसूस कर रहा हूं। इसके बाद वे इंदौर के लिए रवाना हो गए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को महू में सेना के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। अब वे इंदौर से सीधे दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

### प्रेमिका के घर के सामने प्रेमी ने खुद को बम से उड़ाया, शादी नहीं होने से था परेशान

मांड्या. कर्नाटक के मांड्या में 21 साल के एक युवक ने प्रेमिका के घर के सामने खुद को बम से उड़ा लिया. वह अपने साथ जिलेटिन स्टिक (पत्थर तोड़ने के लिए किए जाने वाले धमाके में लगने वाला विस्फोटक) लेकर आया था. उसने जिलेटिन स्टिक डेटोनेट कर लिया. इससे जोरदार धमाका हुआ और मौके पर ही युवक की मौत हो गई. पुलिस ने सोमवार को बताया कि युवक लड़की से शादी करना चाहता था, लेकिन लड़की के परिवार के लोगों को यह मंजूर नहीं था. इसी वजह से युवक ने जान दे दी. घटना रविवार सुबह मांड्या जिले के कालेनाहल्ली गांव में घटी. मृतक की पहचान रामचंद्र के रूप में हुई है.

**नितेश राणे का विवादित बयान, भड़की कांग्रेस**

## केरल मिनी पाकिस्तान इसलिए जीते राहुल-प्रियंका

महाराष्ट्र (आरएनएस)। महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने एक विवादास्पद टिप्पणी में केरल की तुलना मिनी पाकिस्तान से की है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता ने कहा कि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा और राहुल गांधी को इसी कारण से संसद सदस्य के रूप में चुना गया था। राणे ने पुणे जिले के पुरंदर तालुका में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि केरल मिनी पाकिस्तान है, इसीलिए राहुल गांधी और उनकी बहन वहां से चुने जाते हैं। सभी आतंकवादी उन्हें वोट देते हैं। यह सच्चाई है, आप पूछ सकते हैं। वे आतंकवादियों को अपने साथ लेकर सांसद बने हैं।



महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री नारायण राणे के बेटे राणे, शिव प्रताप दिवस के अवसर पर एक समारोह में बोल रहे थे, जो उस ऐतिहासिक घटना की सालगिरह है जब छत्रपति शिवाजी महाराज ने अफजल खान को मार डाला था जब उन्होंने ये टिप्पणी की। राणे ने हाल ही में संपन्न 2024 महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कंकावली सीट से जीत हासिल की। नई कैबिनेट में राणे को मत्स्य पालन और बंदरगाह विभाग दिया गया है।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता अतुल लोंढे पाटिल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर निशाना साधा और राणे को कैबिनेट का हिस्सा बने रहने की जरूरत पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि राणे का काम यही करना था। उन्होंने कहा कि नितेश राणे से और क्या उम्मीद की जा सकती है? उन्हें ऐसा करने के लिए ही चुना गया है। हालाँकि, मैं प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और देवेंद्र फडणवीस से पूछना चाहता हूं। वह व्यक्ति (राणे), जो मंत्री हैं, ने भारत की संप्रभुता और एकता को बनाए रखने के लिए संविधान की शपथ ली है। अब वह देश के एक राज्य को पाकिस्तान बता रहे हैं। वह वहां के मतदाताओं को आतंकवादी कह रहे हैं. क्या उन्हें मंत्री पद पर बने रहने का अधिकार होना चाहिए? यह मेरा आपसे प्रश्न है।

**ईडी की जांच में रोहित तिवारी के व्यवसायिक संबंधों का पता चला-रोहित तिवारी के घर से ईडी ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज़ जब्त किए**

## सौरभ शर्मा के करीबी रोहित तिवारी ने बस्ती के बीच बनाया था आलीशान घर, ईडी की टीम ले गई दस्तावेज

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** गत कुछ वर्षों में दौलत की शोहरत में चमकने वाले बिल्डर रोहित तिवारी के घर के संकरे रास्तों से होकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पहुंची थी। जहां, बस्ती के बीच उसका आलीशन घर बना था। ईडी को जांच में घर के अंदर लग्जरी सामान और सुविधाएं मिली है।

शुक्रवार को सुबह से देर रात तक लगभग 17 घंटे तक ईडी के अधिकारी रोहित के घर पर डेरा डाले रहे। उसके रियल एस्टेट से संबंधित व्यापार की जानकारियों को खंगाला। जांच में रोहित के प्रोजेक्ट में निवेश को लेकर कई डाक्यूमेंट मिले हैं। कांग्रेस के पूर्व मंत्री, भाजपा के एक विधायक और पुलिस अधिकारियों से व्यापारिक संबंधों को लेकर पूछताछ हुई है। कई संदिग्ध अभिलेखों को ईडी अपने साथ ले गई है,



जिसमें निवेशकों के नाम और करोड़ों रुपये का लेखा-जोखा है। ईडी का दल अभिलेख सहित रोहित के घर से कुछ इलेक्ट्रानिक गैजेट अपने साथ लेकर गई है। ईडी को जांच में कई बिल्डिंग प्रोजेक्ट की जमीन में काली कमाई खपाने से संबंधित संदिग्ध डाक्यूमेंट मिले हैं। रोहित के भोपाल और ग्वालियर में कुछ लोगों से संबंध होने को पता चला है। उसके दोनों नगर तक निरंतर आने-जाने की बात पता चली है। आय से अधिक संपत्ति के मामले में जांच एजेंसी के लपेटे में आए आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा का रोहित रिश्तेदार होना बताया जा रहा है। सौरभ का ग्वालियर और भोपाल में घर और आना-जाना है।

**अभी बाहर जाने पर रोक**

रोहित के सतत संपर्क में रहे लोगों और उसके दूसरे नगरों में आने-जाने और मिलने वालों की जानकारी ईडी जुटा रही है। जांच में पता चला है कि बिल्डर बनने के बाद रोहित का लगातार भोपाल और ग्वालियर आना-जाना होता था। उसने पूछताछ में ग्वालियर और भोपाल में स्वजन होना बताया है। संबंधित स्वजन के साथ व्यापारिक संबंधों के बारे में भी टटोला जा रहा है। ईडी की ओर से जांच पूरी नहीं होने तक रोहित को देश से बाहर जाने से मना किया गया है। पूछताछ के लिए बुलाए जाने पर भोपाल उपस्थित होने निर्देश दिया। हालांकि इसकी आधिकारित पुष्टि नहीं की है।

**लाइजनिंग और मार्केटिंग**

जांच दल को पता चला है कि रोहित, दूसरे बिल्डरों के लिए लाइजनिंग का कार्य भी करता था। अन्य रियल एस्टेट प्रोजेक्ट की मार्केटिंग भी करता था। उसके निवेश वाली प्रोजेक्ट की जानकारियों की भी विवेचना की गई है। यश बिल्डर के नाम से काम करने के साथ ही दूसरी कंपनियों में रोहित के होने का पता चला है।

चौकीताल में फार्म लैंड से लेकर माढ़ोताल में कुछ कॉलोनियों में भी निवेश से जुड़े डाक्यूमेंट जांचे जा रहे है। आशंका है कि सौरभ शर्मा की काली कमाई को रोहित के प्रोजेक्ट में लगाया गया है। जांचा जा रहा है कि जिनमें वह लाइजनिंग और मार्केटिंग का दावा कर रहा है, उसमें निवेशकों की सूची बनाई जा रही है।

## डुमना में एक साथ दिखे चार तेंदुए

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** डुमना एयरपोर्ट रोड पर रविवार की सुबह एक साथ चार तेंदुओं को घूमते हुए देखा गया। जानकारों का कहना है कि ये तेंदुए का परिवार है, जो काफी समय से इसी इलाके में रह रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शी अभिषेक केसकर ने बतायाि क रविवार की सुबह वे अपने दोस्तों को छोड़ने के लिए एयरपोर्ट गए थे, करीब 8 बजे जब वे लौट रहे थे, तभी उन्हें ट्रिपल आईटीडीएम के पास कुछ युवक मोबाइल पर तस्वीरें लेते हुए दिखे। जिसके कारण वे रुके और पास जाकर देखा तो झाड़ियों के पास दो तेंदुए बैठे हुए नजर आए और दो कम हाइट के तेंदुए आपस में खेलते हुए दिखे। अभिषेक के अनुसार करीब 10 मिनट तक चारों तेंदुए वहीं मौजूद रहे, लेकिन इसी बीच देखते ही देखते भीड़ जमा होने लगी। कई लोग मोबाइल में तस्वीरें लेने लगे और वीडियो बनाने शुरू करि दए लेकिन दूरी ज्यादा होने और कोहरे की वजह से तस्वीरें नहीं ले सके व वीडियो नहीं बन पाए। करीब 15 मिनट बाद चारों तेंदुए जंगल के अंदर चले गए। इस घटना के संबंध में क्षेत्रीय लोगों ने वनि वभाग को भी सूचना दी है, जिसके बाद वनि वभाग ने अलर्ट जारी किया है।



धूपि नकलते ही पानी सेि नकले मगरमच्छ इधर खमरिया के लाल पुल के पास रविवार की सुबह एक साथ आधा दर्जन मगरमच्छों को देखा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह करीब 9 बजे कुछ देर के लिए जैसे ही धूपि नकली मगरमच्छ पानी के बाहर आ गए। दो बड़े मगरमच्छ एक चट्टान पर बैठकर धूप सेंकते हुए दिखे, वहीं चार छोटे मगरमच्छ समीप की झाड़ियों के पास बैठे रहे। वन्य प्राणीि वशेषज्ञ शंकरेन्द्रुनाथ के अनुसार लाल पुल के नीचे जलाशय में काफी मगरमच्छ रहते हैं, सामान्य मौसम में भी इन्हें आसानी से यहाँ देखा जा सकता है, लेकिन ठंड के मौसम में धूप सेंकने के लिए बड़े मगरमच्छ भी बाहरि नकलते रहते हैं।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना संजीवनीनगर में कमल हरपलानी उम्र 49 वर्ष निवासी यूनियन बैंक के पीछे संजीवनीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह घर में ही कमल डिपार्टमेंटल स्टोर्स नाम से किराना दुकान चलाता है रोजाना की तरह रात्रि लगभग 10-30 बजे दुकान की बाहर वाली शटर में काम करने वाला कर्मचारी शंकर ठाकुर ताला लगाकर चला गया था एवं चाबी दुकान के अंदर थी ताला आटोमेटिक है, अंदर वाली शटर में उसने ताला लगाकर सो गया था, आज सुबह लगभग 9-30 बजे उसकी दुकान में काम करने वाला कर्मचारी अभय जोशी आकर बताया कि दुकान की शटर के ताले टूटे हुये

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन और सहयोग से जबलपुर सहित समूचे प्रदेश में तेज गति से हो रहे हैं विकास के कार्य - अशोक ईश्वरदास रोहाणी

# बड़े महानगरों इन्दौर, भोपाल की बराबरी में संस्कारधानी जबलपुर भी अग्रसर - विधायक रोहाणी

**जबलपुर के नागरिकों को बहुत शीघ्र ही मेट्रो ट्रेन की मिलेगी सौगात - मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से विधायक श्री रोहाणी ने अनुरोध पत्र सौंपकर की माँग**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर सहित पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के मार्गदर्शन एवं सहयोग से विकास के कार्य तीव्र गति से हो रहे हैं। जबलपुर शहर भी मध्यप्रदेश के बड़े महानगरों इन्दौर, भोपाल की बराबरी में तेजी से अग्रसर हो रहा है। जबलपुर शहर के नागरिकों को भी बहुत शीघ्र एक ओर मेट्रो ट्रेन की सौगात मिलेगी वहीं दूसरी ओर विकास कार्यो को गति प्रदान करने एवं नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं में बढ़ोत्तरी कराने की प्रक्रिया में तीसरा मास्टर प्लान भी लागू किया जायेगा, उक्त जानकारी केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने देते हुए बताया कि उनके द्वारा प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी से दो अलग-अलग अनुरोध पत्र सौंपकर उपरोक्त

विमोचन और मुख्यमंत्री के स्वागत के दौरान जबलपुर के सांसद आशीष दुबे भी रहे मौजूद



कार्यो को कराने के लिए भोपाल प्रवास के दौरान माँग की गई है।

केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी के अनुरोध माँग पत्र को सहर्ष स्वीकार कर मुख्यमंत्री मोहन यादव जी के द्वारा शीघ्र ही कार्य प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया गया।

इस मौके पर अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने अपने पूज्य पिता स्व. दादा ईश्वरदास रोहाणी की स्मृति में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी निःशुल्क जनोपयोगी स्मृति पंचांग वितरण करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी से विमोचन कराया। इस मौके पर जबलपुर के सांसद आशीष दुबे भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के सफलतम एक वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें शॉल श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान भी किया गया। उल्लेखनीय है कि केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए जनता जनार्दन की सेवा और विकास कार्यो को कराने के लिए हमेशा संकल्पित रहते हैं और प्रतिबद्धता के साथ नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं में बढ़ोत्तरी कराने के अलावा जनसेवा की भावना को भी आत्मसात कर नागरिकों के लिए समर्पित रहते हैं।

# शासन द्वारा प्रदत्त छूट का लाभ लेने स्वामियों और बहुमंजिला भवन संचालकों के पास आज अंतिम दिन - निगमायुक्त श्रीमती यादव

**1 जनवरी 2025 से सभी बहुमंजिला भवन स्वामियों, अस्पताल, होटल, संचालकों के साथ अपार्टमेंट संचालकों के विरूद्ध की जायेगी कठोर कार्रवाई - निगमायुक्त**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट लेने के लिए आज अंतिम दिन हैं। आज अंतिम दिन फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट प्राप्त न करने वाले सभी भवन स्वामियों, अस्पताल, होटल संचालाकों के साथ अपार्टमेंट संचालकों के विरूद्ध जनहित को ध्यान में रखते हुए दिनांक 1 जनवरी 2025 से कठोर कार्रवाई की जायेगी। उक्त के संबंध में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मंत्रालय, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार सभी होटल, अस्पताल, बहुमंजिला इमारतों, एवं अपार्टमेंट संचालकों को बड़ा उपहार प्रदान करते हुए प्रदेश में फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट के दंडात्मक प्रावधानों को आज दिनांक 31 दिसंबर 2024 तक अस्थायी रूप से शिथिल किया गया है। जिसके लिए आज अंतिम दिन है। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने कहा कि इसका लाभ सभी प्रतिष्ठान स्वामी आज अंतिम दिन उठाएँ और फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट प्राप्त करें। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि सभी भवन स्वामी, निर्माणकर्ता और संबंधित संस्थान यह सुनिश्चित करें कि वे आज अंतिम दिन फायर सेफ्टी प्रमाण पत्र प्राप्त कर लें और नियमों का अनुपालन करें। यह छूट नागरिकों और संस्थाओं को पर्याप्त समय देने के उद्देश्य से दी गई है, ताकि वे बिना किसी दंडात्मक कार्रवाई के फायर सेफ्टी मानकों का पालन सुनिश्चित कर सकें। इसके पश्चात भी अनुपालन न करने पर 1 जनवरी 2025 से नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है, कि विभागीय परिपत्र दिनांक 16 दिसम्बर 2022 की कण्डिका 5 की उप कण्डिका 5.2 के अनुसार कंडिका क्रमांक 5.1 में निर्धारित 02 माह की समयावधि के भीतर यदि भवन स्वामी, संचालक द्वारा फायर प्लान तैयार कर अग्निशमन प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो विलंबित समय हेतु प्रतिदिन रूपये 500/- की दर से दण्ड भवन स्वामी पर लेव्ही किया जायेगा, जो कि एक वर्ष के पश्चात रूपये 1000/- प्रतिदिन की दर से देय होगी। राज्य शासन द्वारा उक्त कंडिका अनुसार दण्ड के अधिरोपण की गणना को आज दिनांक 31 दिसम्बर 2024 तक शिथिल किया गया है।

# मंचदीप आज करेगा निरंतर नीरज का आयोजन

**शशांक प्रभाकर नीरज करेंगे काव्यपाठ, गीत गजलों से सजेगी शाम**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पद्मश्री, पद्मभूषण गोपालदास नीरज के जन्मशताब्दी वर्ष पर साहित्य, संस्कृति, कला और खेल जगत की जागरूक संस्था मंचदीप द्वारा आज निरंतर नीरज कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मंचदीप के संस्थापक एवं अध्यक्ष मथुरा जैन उत्साही ने बताया कि नीरज जन्मशताब्दी वर्ष का पहला कार्यक्रम निरंतर नीरज का आयोजन 31 दिसंबर को शाम 4 बजे से किया जाएगा। इसके अंतर्गत कला वीथिका, रानी दुर्गावती संग्रहालय में 'एक शाम शशांक प्रभाकर नीरज के नाम' कार्यक्रम आयोजित होगा। गीत ऋषि गोपालदास नीरज के सुपुत्र व सुप्रसिद्ध कवि शशांक प्रभाकर नीरज आगरा , के साथ ही कार्यक्रम में सोहन सलिल, रजनी कोठारी, प्रभा शील, प्रीति नामदेव गीत-गजलों की प्रस्तुति देंगे। संचालन राजेश पाठक प्रवीण करेंगे। चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. नलिनी सिंघई एवं समाजसेवा के क्षेत्र में पंडित अशोक मनोध्या के साथ ही मोहित ओबेराय, राहुल यादव, राजुल यादव, अक्षय सैनी का सम्मान समारोह में किया जाएगा। कार्यक्रम डॉ. श्याम मनोहर सीरोठिया, सागर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य भगवत दुबे करेंगे। समारोह में मंचदीप के साथ ही शहर की अनेक संस्थाएं सहभागिता कर रही हैं। संस्कारधानी के सुधि श्रोताओं से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील मंचदीप परिवार के डॉ. अरविंद जैन, युवराज गढ़वाल, राजेश नेमा, मनीष खत्री, राजेंद्र सिंह, अमित जैन, प्रवीण विश्वकर्मा, सादिक खान, राजेश मालवीय, प्रतुल श्रीवास्तव, डॉ. हर्ष तिवारी आदि ने की है। उल्लेखनीय है कि शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में दो पद्म पुरस्कार प्राप्त करने वाले गोपाल दास नीरज ने मेरा नाम जोकर, शर्मीली, चंदा और बिजली, गेम्बलर, कन्यादान , नई उमर की नई फसल, प्रेम पुजारी सहित अनेक फिल्मों के लिए सदाबहार गीत लिखे। उन्हें लगातार तीन बार फिल्म फेयर अवार्ड भी प्राप्त हुआ था। संस्कारधानी से उनका बहुत लगाव रहा। मंचदीप संस्था के आमंत्रण पर उनका कई बार जबलपुर आगमन हुआ एवं उन्होंने यहां पर यादगार कार्यक्रम दिए।

## प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी की तलाश

जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना संजीवनीनगर चौकी धनवंतरीनगर में मारपीट में घायल को उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज मे भर्ती कराये जाने की सूचना पर पहुँची पुलिस को सम्मान पटैल उम्र 17 वर्ष निवासी भूकम्प कालोनी धनवंतरीनगर ने बताया कि वह कक्षा 11 वीं में क्षितिज माडल स्कूल में पढ़ता है दिनांक 27-12-24 की रात लगभग 8-30 बजे अपने दोस्त सूर्यांश मिश्रा, दीपक अहिरवार, विनायक सेन, योगेन्द्र राजपूत, हर्षित ठाकुर, लकी गुप्ता, आर्यन यादव तथा अनुज विश्वकर्मा के साथ महावीर नगर में आग ताप रहा था, आर्यन यादव के पिता, सिद्धांत साहू के साथ जहां वह अपने साथियों के साथ आग ताप रहा था वहां पर आया और आर्यन के पिता ने अपने लड़के को डांट डपट कर अपने साथ ले गये,

# वर्तिका की काव्य गोष्ठी एवं काव्य पटल का लोकार्पण सम्पन्न

**सार्थक सृजन जागरूकता का प्रतीक**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। वर्तिका संस्था के तत्वावधान में वरिष्ठ साहित्यकार श्री प्रतुल श्रीवास्तव एवं कवयित्री तरूणा खरे के काव्य पटल का लोकार्पण समारोह श्री जानकीरमण महाविद्यालय में सम्पन्न हुआ।

वक्ताओं ने कहा कि सार्थक सृजन का प्रचार-प्रसार सामाजिक चेतना के निर्माण में सहायक होता है। काव्य पटल का सृजन जागरूकता से जुड़ा है। समारोह के मुख्य अतिथि गीतकार सोहन परोहा सलिल थे। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार सुरेश विचित्र ने की। विशिष्ट अतिथि कन्हैया लाल ताम्रकार, यूनुस अदीब, वंदना सोनी, राजेन्द्र मिश्रा एवं प्रभा खरे रहीं। सरस्वती पूजन के बाद डॉ.



मुकुल तिवरी ने वंदना प्रस्तुत की। तदुपरांत प्रतुल श्रीवास्तव एवं तरूणा खरे को शाल, श्रीफल, मानपत्र देकर वर्तिका के संयोजक विजय नेमा अनुज, अध्यक्ष राजेश पाठक प्रवीण, संतोष नेमा सहित अतिथियों ने सम्मानित किया। सुरेश मिश्रा एवं वंदना सोनी को म.प्र. साहित्य अकादमी से 51 हजार के सम्मान के लिए चयनित होने पर अभिनंदन किया। कवि आशुतोष तिवारी के संचालन में विजय विश्वकर्मा, सुषमा गुप्ता, निर्मला तिवारी, छाया त्रिवेदी, डॉ. सलमा जमाल, डॉ. छाया सिंह, अमरसिंह वर्मा, सुभाष शलभ, डॉ. सलपनाथ यादव, गणेश प्यासा, यशोवर्धन पाठक, निरंजन द्विवेदी, कालीदास ताम्रकार, ज्योति प्यासी, सुशील श्रीवास्तव, श्वेता सचि, डॉ. आर.एल. साहू, केशरी पाण्डे, विनीता पैगवारी, शिव अलग, रूपम वाजपेयी, प्रीति नामदेव, डॉ. अंकिता नेमा, गिरीश बिल्लोरे, संध्या अग्रवाल, ज्योत्सना शर्मा ने काव्य रस वर्षा की। समारोह में मथुरा जैन, दिवाकर शर्मा, महेश स्थापक, राजेश सोनी, दिनेश चौधरी की विशेष उपस्थिति रही। आभार संतोष नेमा ने व्यक्त किया।

# एम.पी. ट्रांसको ने वर्ष 2024 में हासिल की ऊर्जा क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बताया कि वर्ष 2024 में ऊर्जा क्षेत्र में एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) ने अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की है ।एम.पी. ट्रांसको ने कैलेंडर वर्ष 2024 में प्रदेश के ट्रांसमिशन नेटवर्क (पारेषण प्रणाली) के अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण, विस्तारीकरण एवं विश्वसनीयता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अनेक नए आयाम स्थापित किए।

**ट्रांसफोर्मेशन कैपसिटी हुई 80000 एम.व्ही.ए. से ज्यादा-**

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि मध्यप्रदेश में इस वर्ष एम.पी. ट्रांसको ने अपने नेटवर्क में 1729 एम.व्ही.ए. क्षमता की अतिरिक्त वृद्धि की, जिससे प्रदेश में कुल ट्रांसफोर्मेशन क्षमता बढ़कर 80774 एम व्ही ए की हो गई है। इस वर्ष 47 नये पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किये गये जिससे एम.पी. ट्रांसको के ऊर्जीकृत पावर ट्रांसफार्मर की संख्या बढकर 1023 हो गई है, जिसमें 400 के.व्ही. के 37, 220 के.व्ही. 215 एवं 132 के.व्ही. के 771 ट्रांसफार्मर क्रियाशील है।

**176 सर्किट कि.मी. लाइनों का हुआ निर्माण**

इस वर्ष मध्यप्रदेश पवार ट्रांसमिशन



लाइनों की लंबाई बढ़कर 42133 सर्किट कि.मी. की हो गई है, जो प्रदेश के 416 अति उच्चदाब सबस्टेशनों में विद्युत पारेषण करती है। इस वर्ष प्रदेश में 176 सर्किट किलोमीटर लाइनों का निर्माण कर ऊर्जीकृत किया गया।

**पहली बार 18000 मेगावाट से ऊपर की डिमांड को किया हैंडल**

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बताया कि एम.पी. ट्रांसको के सिस्टम ने प्रदेश में पहली बार 18000 मेगावाट से ऊपर विद्युत डिमांड बिना किसी व्यवधान के हैंडल करने में सफलता प्राप्त की। 20 दिसम्बर 2024 को प्रदेश में आज तक की अधिकतम 18913 मेगावाट डिमांड दर्ज की गई। इसी तरह प्रदेश में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए एक दिन में 3368.56 लाख यूनिट विद्युत खपत की सफलतापूर्वक आपूर्ति करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया।

**ट्रांसमिशन सिस्टम में नई टेक्नोलॉजी का हुआ समावेश**

श्री तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने प्रदेश के अपने ट्रांसमिशन सिस्टम में नई तकनीकों का समावेश करते हुये सिस्टम को अपग्रेड किया। विभिन्न ट्रांसमिशन एलीमेंटस को एच.एम.आई. (हयूमन मशीन इंटरफेस) तकनीक से ऊर्जीकृत और नियंत्रित किया जा रहा है। इसके अलावा प्रदेश के पुराने तीन 132 के.व्ही. सबस्टेशनों को रिमोट से संचालित करने का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है।

**400 व 132 के व्ही लाइनों की भी होगी ड्रोन पेट्रोलिंग**

220 के.व्ही. ट्रांसमिशन लाइनों की ड्रोन पेट्रोलिंग में मिली सफलता के बाद अब प्रदेश में 400 एवं 132 के.व्ही. के 23000 ट्रांसमिशन टावरों की ड्रोन पेट्रोलिंग भी की जा रही है। मध्यप्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है जिसने ट्रांसमिशन टावरों की पेट्रोलियम ड्रोन के माध्यम से प्रारंभ की है।

**पेंशनर्स को आनलाइन सुविधा**

एम.पी. ट्रांसको ने अपने पेंशनर्स के लिये वेबसाइट के माध्यम से कई सुविधाएं ऑनलाइन करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। अब एम.पी. ट्रांसको के सेवानिवृत्त कार्मिक विश्व के किसी भी कोने से लाईफ सर्टिफिकेट अपलोड कर सकते है। साथ ही वेबसाइट के माध्यम से ही अपने पेंशन स्लिप और अपने बैंक खातों में किये गये लेन-देन की जानकारी ली जा सकती है।

2024 में एम.पी. ट्रांसको ने ऑनलाइन वेबिनारों और नॉलेज शेयरिंग कार्यशालाओं के माध्यम से ट्रांसको के युवा इंजीनियरों को अपडेट करने का एक सफल अभियान चलाया। जिसके कारण एम.पी. ट्रांसको के वर्क कल्चर में महत्वपूर्ण सकारात्मक बदलाव आया है।

# मदर टेरेसा नगर दीनदयाल वार्ड में सीवर लाइन के लापरवाही पूर्वक कार्य के विरोध में कांग्रेस पार्षद दल का प्रदर्शन आज

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया है की शहर में चल रहे सीवर लाइन के कार्यों के कारण अनेकों जगह जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वर्तमान में दीनदयाल वार्ड के अंतर्गत मदर टेरेसा नगर से ग्रीन सिटी तक किए जा रहे सीवर लाइन के लापरवाही पूर्वक कार्य के कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि कार्य में ना गुणवत्ता का ध्यान रखा जा रहा है ना ही कार्य में आम जनता को होने वाली परेशानियों का ध्यान रखा जा रहा है जब यह कार्य किया जाता है कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर रहता ही नहीं है और पूरी जगह खुदाई करके हफ्तों तक सड़क को न बनाए जाने के कारण आम जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इसी के विरोध में कल 30 दिसंबर सोमवार को दोपहर 1:00 बजे दीनदयाल वार्ड के अंतर्गत मदर टेरेसा नगर नई पानी की टंकी के पास कांग्रेस पार्षद दल एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा



# श्री पुरुषोत्तम भगवान राम की अमृत कथा प्रवाह विद्वान 2 जनवरी से 9 जनवरी तक

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। संस्कारधानी में लघुकाशी के नाम से प्रसिद्ध पचमठा मंदिर परिसर गढ़ा में स्थित श्री हनुमान मंदिर में दिनांक 2 जनवरी से 9 जनवरी तक, श्री हनुमान सेवा समिती तथा महिला मण्डल के 25 वर्ष पूर्ण हो जाने के उपलक्ष्य में श्री पुरूषोत्तम भगवान राम की अमृत कथा प्रवाह विद्वान व्यास पं. आशीष तिवारी जी (शहपुरा) के मुखवचनो से होगा। इस आयोजन को विराट और भव्य बनाने के लिए जोरदार तैयारियाँ की जा रही हैं, इसके अलावा रामकथा में विभिन्न संतो के दिव्य दर्शन व आशीषवचन प्रतिदिन भक्तों को प्राप्त होगें, साथ ही प्रतिदिन रामायण कीर्तन महिला मण्डल द्वारा किया जावेगा।



रामकथा के प्रथम दिवस दिनाँक 2 जनवरी दोपहर 12 बजे से शोभायात्रा का शुभांरभ श्रीहनुमानबाग मंदिर छोटी बजरिया से भव्य कलश यात्रा के साथ होगा, जिसका समापन बी.टी. तिराहा, गुलौआ चौक, शुक्लानगर, एकता चौक से होते हुए पचमठा मंदिर परिसर में होगा। रामकथा में प्रतिदिन हवन रामायण पाठ व महिला मण्डल द्वारा भजन कीर्तन होगा। श्री हनुमान सेवा समिती एवं महिला मण्डल अधिक से अधिक भक्तों से रामजी की पावन कथा श्रवण करने का अनुरोध करती है

# विद्युत कंपनी के तीन अभियंता आज होंगे सेवानिवृत्त



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। विद्युत कंपनी के तीन कार्मिक आज 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। सुधीर कुमार सिंघई-मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के सिविल संकाय में ताप व जल विद्युत परियोजना संबंधी कार्यों के निष्पादन में 40 वर्षों के लंबे कार्यकाल के पश्चात अतिरिक्त मुख्य अभियंता सुधीर कुमार सिंघई आज 31 दिसम्बर को सेवा निवृत्त हो रहे हैं।

प्रकाश पचौरी- एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के महाप्रबंधक सिविल प्रकाश पचौरी 40 वर्षों की सेवा के उपरांत आज 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

रीता खेत्रपाल-एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की मुख्य महाप्रबंधक सूचना प्रौद्योगिकी रीता खेत्रपाल 40 वर्षों की सेवा के उपरांत आज 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो रही हैं।

# गुरुवाणी कीर्तन से होगा नूतन वर्ष का आगाज



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नगर का सिख समाज श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पवित्र गुरुवाणी शबद कीर्तन से नूतन वर्ष का आगाज करेगा । इस हेतु गुरुद्वारा गुरुनानक दरबार गोरखपुर में आज 31 दिसम्बर को रात्रि 7.30 बजे से अर्द्धरात्रि 12.15 बजे तक भव्य कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया है, जिसमें श्री दरबार साहिब हरिमंदर साहिब अमृतसर पंजाब के हुजूरी रागी जत्था भाई सिमर प्रीत सिंघ, भाई बलजीत सिंह एवं बाबा हरजीत सिंह खालसा शिरकत करेंगे। इस मौके पर गुरु का विशेष लंगर लगाया जाएगा । प्रधान साहब श्री राजिंदर सिंह छावड़ा एवं सभा ने साध संगत से उपस्थित एवं सहयोग की अपील की है


## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर म.प्र.

**लोककर्म विभाग** **निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं। के लिये ऑनलाइन निविदायें हैं।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_ UAD 391467_1 PRO- 423 Date- 30.12.2024 | नया वार्ड क्रं. 73 के अंतर्गत करमेता पुरानी बस्ती में सोसायटी के पास जैन साहब के घर से मीरा शुक्ला के घर तक एम-30 सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य। | 2 माह<br>11.99 लाख | 2000/-<br>8993/- | 03.02.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://.mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री, लोककर्म विभाग ,नगर निगम जबलपुर**



भोपाल -ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आने वाले मकर संक्रांति के त्यौहार के मद्देनजर पतंगबाजी को बिजली की लाइनों, ट्रांसफार्मरों और पोल से दूर रखने की अपील की है। उन्होंने बताया कि पतंगों और उनके धागों के कारण बिजली की लाइनों में फॉल्ट हो सकता है, जिससे न केवल विद्युत आपूर्ति बाधित होती है, बल्कि हादसे का भी खतरा बना रहता है। पतंगों में इस्तेमाल होने वाले धागे और बांस की कीमची, दोनों ही बिजली की लाइनों के लिए खतरनाक हो सकते हैं।



### व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं रहे, समय रहते करें सभी तैयारियां- मुख्यमंत्री ने जीआईएस-2025 की तैयारियों के संबंध में ली बैठक

# प्रधानमंत्री मोदी 24 फरवरी को करेंगे जीआईएस-2025 का शुभारंभ- मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) एक वैश्विक समागम है। व्यवस्थाओं में कोई भी कमी न रहे। दो महीने से भी कम समय शेष है, समय रहते सभी प्रकार की तैयारियां पुख्ता तरीके से कर ली जाएं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 24 फरवरी को जीआईएस 2025 का विधिवत् शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को मुख्यमंत्री निवास में जीआईएस-2025 की तैयारियों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि जीआईएस में कोर सेक्टर्स पर फोकस करते हुए ऐसी गतिविधियां आयोजित करें, जिससे ठोस परिणाम मिलें। जीआईएस-2025 में देश-विदेश से आने वाले सभी मेहमानों के रहने-खाने एवं आसपास के पर्यटन स्थलों पर आने-जाने एवं भ्रमण की समुचित व्यवस्था की जाए। मेहमानों को होम-स्टे के बारे में भी बताया जाए। इस कार्य के लिए संस्कृति, वन, पर्यटन एवं स्थानीय प्रशासन आपसी समन्वय के साथ भोपाल शहर के सौंदर्यीकरण के कार्यों के लिए भी अभी से युद्ध स्तर पर तैयारियों शुरू कर दें।

बैठक में मुख्यमंत्री कार्यालय के अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, औद्योगिक नीति एवं प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव श्री राघवेंद्र कुमार सिंह, एमडी एमपीआईडीसी श्री चंद्रमौली शुक्ला, कमिश्नर भोपाल श्री संजीव सिंह, एमडी पर्यटन विकास निगम श्री इलैया राजा टी., कलेक्टर भोपाल श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह, संचालक जनसम्पर्क श्री अंशुल गुप्ता तथा उद्योग विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विशेषताओं को संजोए हुए जीआईएस-2025 का ऐसा भव्य आयोजन किया जाए कि यह आने वाले प्रतिभागियों के जीवन की बेहतरीन यादों में शामिल हो जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष-2025 को उद्योग वर्ष घोषित किया गया है। साल भर प्रदेश के विभिन्न संभागों में हर महीने किसी एक सेक्टर जैसे पॉवर सेक्टर, नवकरणीय ऊर्जा, ऑटो, एग्रो, पर्यटन, माइनिंग, हेल्थ, एजुकेशन और आईटी सेक्टर पर आधारित सेक्टोरल एक्सपो या कॉन्क्लेव का आयोजन भी किया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को गतिविधियों का विभागीय वार्षिक कैलेण्डर जल्द से जल्द तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने एक नवाचार का सुझाव भी दिया कि इंडस्ट्री के संतुलित विकास के लिए उद्योग जगत से जुड़े हुए विशेषज्ञों, उद्योग संघों, संगठनों के साथ प्रदेश में सुव्यवस्थित, सरल और सुगम उद्योगीकरण की दिशा में विस्तृत विचार मंथन के लिये कार्यक्रम का आयोजन किया जाए।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय परिसर में होगी जीआईएस

प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं प्रोत्साहन श्री राघवेंद्र कुमार सिंह ने जीआईएस-2025 की अब तक की तैयारियों एवं भावी रूप रेखाओं के बारे में पीपीटी प्रदर्शन के जरिए विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश का 8वां ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस-2025) भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय परिसर में आयोजित की जाएगी। इसमें 20 हजार से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होंने का अनुमान है। इसलिए इसी आधार पर तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय वैश्विक निवेशक सम्मेलन में राज्य के औद्योगिक ईको-सिस्टम एवं प्रदेश में उपलब्ध निवेश संभावनाओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर समग्रता के साथ प्रस्तुत करने के प्रयास किए जाएंगे। इसमें 25 देशों के लगभग एक हजार प्रतिभागी शामिल होंगे। इस समिट में एवीजीसी शो, एमपी पैवेलियन, एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) पैवेलियन, फ्रेंचाइजी एमपी शो आदि विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

फायर साइड चैट

प्रमुख सचिव श्री राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि जीआईएस के एक दिन पूर्व 23 फरवरी की शाम को फायर साइड चैट का आयोजन किया जाएगा। इस वर्चुअल संवाद में मुख्यमंत्री डॉ. यादव देश के बड़े उद्योगपतियों एवं निवेशकों के साथ संवाद करेंगे। इस चैट शो में मध्यप्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य की खुबियों, अब तक की प्रगति तथा मध्यप्रदेश को 2047 तक विकसित प्रदेश बनाने के लिए तैयार किए गए रोड मैप एवं रीजनल ग्रोथ पर भी चर्चा होगी।

24 फरवरी को शुभारंभ के साथ ही प्रारंभ हो जाएंगी समिट और एक्सपो गतिविधियां

जीआईएस-2025 का विधिवत् शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री मोदी 24 फरवरी को करेंगे। इस दिन आईटी एवं टेक्नोलॉजी समिट होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन चर्चा करेंगे। साथ ही एमपी मोबिलिटी एक्सपो, सेंट्रल इंडिया फेब्रिक एवं फैशन एक्सपो, एमपी लिगेसी पवेलियन की गतिविधियां, बी-टू-बी मीटिंग्स भी समानांतर चलेंगी।

25 फरवरी को होगी प्रवासी एमपी समिट एवं एमपी मोबिलिटी एक्सपो

जीआईएस-2025 के दूसरे दिन 25 फरवरी को मुख्यमंत्री डॉ. यादव उद्योगपतियों एवं निवेशकों के साथ वन-टू-वन मीटिंग करेंगे। साथ ही प्रवासी एमपी समिट, इन्फ्रॉस्ट्रक्चर एण्ड अर्बन डेवलपमेंट समिट और टूरिज्म समिट, एमएसएमई तथा स्टार्ट-अप समिट, माइनिंग समिट, ऊर्जा एवं नवकरणीय ऊर्जा समिट भी होंगी। साथ ही एमपी मोबिलिटी एक्सपो, सेंट्रल इंडिया फैब्रिक एण्ड फैशन एक्सपो, एमपी पैवेलियन की गतिविधियां, बिजनेस-टू-बिजनेस (बी-टू-बी) मीटिंग्स एवं बिजनेस-टू-कन्ज्यूमर्स (बी-टू-सी) मीटिंग्स भी समानांतर चलेंगी।

थीमेटिक सेशन

जीआईएस के दूसरे दिन 25 फरवरी को सुबह 10:30 से शाम 5:30 तक छह थीमेटिक सेशन होंगे। हायर एजूकेशन एवं स्किल डेवलपमेंट,फूड प्रोसेसिंग एवं हार्टिकल्चर, स्मॉल स्केल एवं कॉटेज इंडस्ट्री, टेक्सटाइल एवं अपैरल और फार्मास्यूटिकल सेक्टर्स पर सत्र आयोजित किए जाएंगे।

कंट्री सेशन जीआईएस-2025 के दूसरे दिन ही 25 फरवरी को कंट्री सेशन भी होंगे। इसमें जर्मनी द्वारा इंजीनियरिंग एक्सीलेंस एण्ड सस्टेनबिलिटी, यूनाईटेड किंगडम (यूके) द्वारा शिक्षा, आईटी एवं सेवा क्षेत्र में, साऊथ कोरिया द्वारा इनोवेशन इन टेक्नॉलाजी एण्ड स्मार्ट मेन्यूफेक्चरिंग सेक्टर में तथा जापान द्वारा एडवांस टेक्नॉलाजीस एण्ड इंडस्ट्रियल कोलेबोरेशन सेक्टर में विस्तृत चर्चा की जाएगी।

## उपार्जन धान की सुरक्षा के लिये किये जा रहे समुचित प्रयास-खाद्य मंत्री राजपूत

भोपाल-(आरएनएस) खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि उपार्जित धान की वर्षा से सुरक्षा के लिये समुचित प्रबंध किये जा रहे हैं। उन्होंने बताय है कि प्रदेश में अभी तक कुल 24 लाख 84 हजार 811 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया है। यह विगत वर्ष में इस अवधि के उपार्जन की तुलना में लगभग 60 प्रतिशत अधिक है। इसके लिए प्रदेश में 1394 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं।

प्रदेश में कुल उपार्जन केन्द्रों में से 749 गोदाम स्तरीय केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें उपार्जित धान का भंडारण वहीं गोदाम में कर दिया जाता है। इसके लिए परिवहन की आवश्यकता नहीं होती है। शेष उपार्जन केन्द्र जो समिति स्तरीय बनाए गए थे, उनमें उपार्जित 3 लाख 97 हजार 515 मीट्रिक टन धान को सीधे मिलर्स को मिलिंग के लिये दी गई है। साथ ही 14 लाख 40 हजार 774 मीट्रिक टन धान का परिवहन एवं हैंडलिंग चालान बनाकर गोदामों में सुरक्षित भंडार किया गया है। शेष बची हुई धान को उपार्जन समितियों के माध्यम से तिरपाल, पॉलिथीन डालकर सुरक्षित करने के लिये पूर्व में ही निर्देशित कर दिया गया था। उपार्जित धान के सुरक्षित भंडारण के लिये प्रतिदिन धन उपार्जन वाले जिले के अधिकारियों के साथ प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरूण शमी की अध्यक्षता में वीसी के माध्यम से मॉनिटरिंग कर धान को सुरक्षित रखने के प्रयास किए गए हैं।

मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भी धान उपार्जन की समीक्षा की जाकर समस्त संभागीय आयुक्त, समस्त कलेक्टर्स और अधिकारियों को बेमौसम बरसात की संभावना के चलते धान को सुरक्षित रखने के लिये सभी आवश्यक प्रबंध किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही खराब मौसम के चलते किसानों को किसी तरह की असुविधा न हो इसलिये 1 जनवरी तक धान उपार्जन को स्थगित किया जाकर किसानों को आगे अवसर दिया गया है। आगामी 30 एवं 31 दिसम्बर और 1 जनवरी को धान विक्रय के लिये जिन किसानों द्वारा स्लॉट बुक किया गया है। उनकी अवधि 5 कार्य दिवस बढ़ा दी गई है।

## नैकहाई शौर्य स्मारक के कार्य समय-सीमा में करें पूर्ण- उप मुख्यमंत्री शुक्ल

भोपाल (आरएनएस)रीवा के बघेल राजवंश के कार्यकाल में रीवा राज्य में दुश्मनों के आक्रमण का बघेलखण्ड के सपूतों ने मुहतोड़ जवाब दिया। यहाँ के सेनानायकों और वीर सैनिकों की शौर्यगाथा चोरहटा में नैकहाई में लिखी गई। नैकहाई में वीरों की स्मृति में शौर्य स्मारक स्थापित किए गए हैं।

इन शौर्य स्मारकों को सुरक्षित और संरक्षित रखने के कार्य का उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने जायजा लिया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सौन्दर्यीकरण के लिए स्वीकृत विभिन्न कार्यों को समय-सीमा में पूरा कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नैकहाई स्मारक को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करें। इसकी बाउन्ड्रीवॉल और मेनगेट का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराएं।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि परिसर में वीर शहीदों की छतरियों के जीर्णोद्धार के लिए एक करोड़ 25 लाख रुपए की राशि मंजूर की गई है। इसके निविदा की कार्यवाही पूरी कर कार्य शीघ्र शुरू कराएं, जिससे 8 फरवरी 2025 को वीरों के बलिदान दिवस पर नैकहाई शौर्य स्मारक का विधिवत उद्घाटन किया जा सके। क्षेत्रीय संचालक औद्योगिक विकास केन्द्र श्री यू.के. तिवारी, कार्यपालन यंत्री औद्योगिक विकास निगम श्री के.के. गर्ग और हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निज निवास पर स्थानीय जनों के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात'' कार्यक्रम को सुना। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश को विश्वगुरू बनाने और विकसित करने का जो संकल्प लिया है, उसे पूरा करने के लिए हर दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। मन की बात'' कार्यक्रम के माध्यम से हम सबको प्रधानमंत्री श्री मोदी का मार्गदर्शन और प्रेरणादायक उद्बोधन मिलता है। इससे जनहित के कार्यों को करने के लिए नई ऊर्जा प्राप्त होती है।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा के प्रतिभाशाली निशानेबाज यश पाण्डेय को निज निवास में सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा ही नहीं पूरे विन्ध्य क्षेत्र में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी हुए हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। यश भी राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में राष्ट्रीय ही नहीं ओलम्पिक में पदक प्राप्त करें। उप मुख्यमंत्री ने पुष्प-गुच्छ देकर और मिठाई खिलाकर यश को सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि यश पाण्डेय ने भोपाल में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया।

## डॉ. मनमोहन सिंह को याद कर भावुक हुए अरूण यादव

खरगोन (आरएनएस)। देश के लगातार दस वर्ष तक प्रधानमंत्री रहे डॉ. मनमोहन सिंह के निधन की खबर से निमाड़ अंचल में भी गहरा शोक व्याप्त है। कांग्रेस अध्यक्ष रही सोनिया गांधी की सिफारिश पर अपने दूसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री बने डॉ. मनमोहन सिंह ने खण्डवा से निर्वाचित हुए सांसद अरूण यादव को अपने मंत्रिमण्डल में शामिल किया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने किसान के बेटे अरूण यादव को मंत्री बनाकर निमाड़ अंचल को केन्द्रीय मंत्रिमण्डल में पहली बार प्रतिनिधित्व दिया था। इसके बाद भाजपा के राज में निमाड़ अंचल को केन्द्रीय मंत्रिमण्डल में आज तक प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है।

शपथ लेने के बाद अरूण यादव को खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय सौंपा गया था। कुछ ही महिनों बाद उन्हें डॉ. मनमोहन सिंह ने भारी उद्योग मंत्रालय की जिम्मेदारी दी थी। इसके बाद कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय का जिम्मा सौंपा था। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन का समाचार पाकर अरूण यादव भावुक हो गये।

## किसानों ने कहा - फसलें लहलहाएंगी, पलायन रुकेगा

भोपाल-(आरएनएस) देश की पहली अति महत्वाकांक्षी और बहुउद्देशीय केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना से बुंदेलखंड क्षेत्र में फसलें लहलहाएंगी और पलायन रुकेगा। वहां के बहुत से गांवों के निवासियों को, जो पानी की कमी के चलते काम की तलाश में समीपवर्ती राज्यों में पलायन कर जाते थे, अब उन्हें अपना घर - गांव छोड़कर बाहर नहीं जाना पड़ेगा। खेतों में पर्याप्त पानी होगा तो वे वर्ष भर फसल ले सकेंगे। यह किसानों के लिए किसी सपने के पूरे हो जाने से कम नहीं होगा और इसके लिए वे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का दिल से धन्यवाद एवं आभार प्रकट करते हैं।

सटई गांव के किसान मुन्ना असाटी बताते हैं उनका क्षेत्र कम वर्षा के कारण सूखाग्रस्त है और इस कारण वहां के किसान मुश्किल से एक फसल ले पाते हैं। समीप के गांव कुंदरपुरा, जो जनजातीय बहुल ग्राम है, के तो 90त्न निवासी काम की तलाश में दिल्ली, हरियाणा और पंजाब चले जाते हैं। गांव में पानी आ जाने से न केवल वे खेती कर पाएंगे बल्कि अपने घर में रह पाएंगे, मां-बाप की देखभाल कर पाएंगे, बच्चों को पढ़ा पाएंगे। ग्राम सिमरा पनिहार के कृषक बल्दू केवट, रामनारायण दुबे और हकीमपुरा के रामेश्वर अहिरवार बताते हैं कि अभी वे वर्ष भर में पानी की कमी के चलते केवल एक फसल ले पाते हैं। परियोजना से खेतों में पानी आएगा तो वे वर्ष में तीन फसल ले पाएंगे। पर्याप्त आमदनी होने से परिवार का लालन-पालन भी ढंग से हो पाएगा।

ग्राम टिकरी के किसान बृज गोपाल अवस्थी, ग्राम जटकारा के प्रकाश पंडित, ग्राम बृजपुरा के आसाराम साहू और भवानी दीन मिश्रा बताते हैं कि कम बारिश के कारण क्षेत्र में भू-जल स्तर भी बहुत नीचे चला गया है। कुआं खुदवाओ तो पानी बहुत नीचे मिलता है। बरसात के थोड़े दिनों के बाद यहां के सारे स्टॉप डैम भी सूख जाते हैं, जिससे सिंचाई के लिए कोई साधन उपलब्ध नहीं रहता। ऐसे में खेती करना बहुत मुश्किल हो जाता है। जैसे-तैसे खेती तो करते हैं, परंतु उत्पादन बहुत कम होता है। केन-बेतवा परियोजना से भूमि जल का स्तर बढ़ेगा और विभिन्न जल स्त्रोतों से भी सिंचाई के लिए पानी मिल पाएगा। पशुओं के लिए हरा-भरा चारा और पानी मिलने से पशुपालन भी बढ़ेगा। खजुराहो के कृषक बाबूलाल पटेल और बिहारी लाल पटेल बताते हैं कि खजुराहो में अनेक पर्यटन स्थल है, परंतु पानी की कमी के कारण पर्यटन पर भी असर पड़ता है।

## भवन निर्माण सामग्री फैलाने वालों व ग्रीन नेट न लगाने के 06 प्रकरणों में 08 हजार 500 रूपये का स्पॉट फाईन

भोपाल (आरएनएस)। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन द्वारा सीएंडडी वेस्ट, भवन निर्माण सामग्री सड़कों पर फैलाने तथा निर्माणाधीन भवनों पर ग्रीन नेट न लगाकर वायु गुणवत्ता एवं शहर की स्वच्छता को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध अभियान के तहत सख्त कार्यवाही करने के दिए गए निर्देशों के परिपालन में निगम अमले ने विभिन्न क्षेत्रों में सीएंडडी वेस्ट, भवन निर्माण सामग्री, सड़कों सार्वजनिक स्थलों पर फैलाने तथा निर्माणाधीन भवन पर ग्रीन नेट न लगाने वालों सहित साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की और सी.एण्ड.डी वेस्ट फैलाने वालों के विरूद्ध 06 प्रकरणों में 08 हजार 500 रूपये की राशि स्पॉट फाईन/जुर्माने के रूप में वसूल की। निगम अमले ने कुल 113 प्रकरणों में 30 हजार 750 रुपये की राशि स्पॉट फाईन/जुर्माने के रूप में वसूल की। निगम प्रशासन ने भवन निर्माताओं से अपील की है कि वह भवन निर्माण के समय ग्रीन नेट का पूरी तरह उपयोग करें और शहर के वायु गुणवत्ता में सुधार हेतु सहयोग करें अन्यथा निगम प्रशासन द्वारा निरंतर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## ऊर्जा मंत्री तोमर ने सिविल अस्पताल हजीरा का किया निरीक्षण



भोपाल (आरएनएस) ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शनिवार की सुबह सिविल अस्पताल हजीरा का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर भोपाल से ग्वालियर पहुंचने के बाद सबसे पहले सिविल अस्पताल हजीरा पहुंचे यहां उन्होंने मरीजों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य, भोजन और नाश्ते की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि मरीजों के बिस्तरों की चादर समय पर बदली जाए और ठंड के मौसम में किसी मरीज को कोई असुविधा न हो। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने अस्पताल के आईसीयू निर्माण कार्य पर चर्चा कर प्रगति की समीक्षा की तथा रसोई घर का निरीक्षण कर हरी सब्जियों तथा भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपके सेवक का प्रयास है कि हर मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें और अस्पताल में सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हों। आपकी सेवा ही मेरा संकल्प है।

## कांग्रेसजनों ने पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत डॉ. मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि देश के प्रति उनके अविस्मणीय योगदान का स्मरण किया

भोपाल (आरएनएस)। दुनिया में सफल अर्थशास्त्री और देश के पूर्व वित्तमंत्री, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न डॉ. मनमोहन सिंह ने बीते गुरूवार भौतिकवादी दुनिया से अलविदा कर देशवासियों में मन में अपनी अलख छोड़ गये हैं, डॉ. मनमोहनसिंह एक सफल अर्थशास्त्री, पूर्व प्रधानमंत्री और देश के किये उनके अविस्मरणीय योगदान के लिए देश वासियों में मन में बसे थे, बसे हैं और सैदव बसे रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभागार में आयोजित शोक सभा में कांग्रेसजनों ने डॉ. मनमोहन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा में कांग्रेस नेताओं ने देश के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। अंत में दो मिनिट का मौन रखकर उनकी आत्मशांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

डॉ. मनमोहन सिंह का राजकीय सम्मान के साथ विधिविधान से अंतिम संस्कार हुआ और वे आज पंचतत्व में विलीन हो गये, उनके इस दुनिया से चले जाने से देश की सभी बड़ी-छोटी हस्तियों सहित पूरे देश की राजनीतिक हस्तियों को आघात पहुंचा है। देश की जनता के प्रति उनका जो सकारात्मक, सशक्त, सुदृढ़ और मजबूती प्रदान करने वाला योगदान रहा है, वह चिरस्थायी रहेगा। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने शोकसभा को संबोधित करते हुये कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह इकोनॉमी के सबसे सफल डॉक्टर के रूप में विख्यात रहे हैं। नरसिम्हा जी की सरकार के दौरान वित्त मंत्री के रूप में रहते हुये उन्होंने देश की माली आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने में अग्रणी भूमिका निभाकर देश की आर्थिक स्थिति मजबूत की। देश की जनता के लिए ऐसी कई योजनाएं जिससे गरीब-मध्यमवर्गीय, युवाओं सहित देश की सुरक्षा के लिए प्रेरणादायक रही है।

प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने डॉ. मनमोहन सिंह को देश का सबसे सफल अर्थशास्त्री बताते हुये कहा कि उन्होंने मनरेगा, सूचना का अधिकार, पहचान के लिए आधार, न्यूक्लियर डील, भूमि अधिग्रहण कानून और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण निर्णयों से देश की जनता को आर्थिक स्थिति से सुदृढ़ बनाया। देश के सच्चे सेवक होने के साथ-साथ सौम्यता, सहजता, और सरलता की जो छवि उनके अंदर विद्यमान थी, पूरा देश उनकी कार्यशैली से प्रभावित था। गरीबों के लिए 100 दिन का रोजगार देने की योजना से पूरे देश में गरीबों को रोजगार मिला, भूमि अधिकार कानून के तहत गरीबों को जमीनों का अधिकार दिया, खाद्य सुरक्षा के तहत परिवारों को सब्सिडी में खाद्यान्न उपलब्ध कराने की पहल की, भारतीय विशिष्ट पहचान के लिए आधार योजना शुरू की जिसकी यूएन से भी तारीफ की, भ्रष्टाचार को कम करने प्रशासन में पारदर्शिता और जबावदेही को बढ़ावा देने के लिए सूचना का अधिकार कानून बनाया। नायक ने बताया कि मनमोहन सिंह ने देष की गठबंधन सरकार द्वारा दबाव बनाये जाने के बावजूद भी भारत-अमेरिका परमाणु समझौते पर हस्ताक्षर कर परमाणु हथियारों के मामले में भारत को एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने में सशक्त भूमिका निभायी और राष्ट्र को दुनिया के तीसरे नंबर पर शक्तिशाली राष्ट्र की श्रेणी में पहुंचाया। इतना ही नहीं रोजगार गारंटी योजना जिसकी विश्व बैंक ने सराहना कर गरीबों के लिए दुनिया की सबसे बड़ी लोक निर्माण योजना बताया और इस योजना में देश की 15 प्रतिषत आबादी को सामाजिक सुरक्षा के साथ-साथ उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार हुआ।



आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा मतदाता सूची से हेरफेर कर रही है। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने उन्हें हराने के लिए नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र की मतदान सूची में से 5,000 से अधिक नाम हटा दिए हैं। बता दें, केजरीवाल नई दिल्ली सीट से आगामी विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं।



# संदीप दीक्षित की शिकायत के बाद एलजी ने पुलिस कमिश्नर को दिए जांच के आदेश, मांगी रिपोर्ट

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने बीते दिनों पंजाब पुलिस पर जासूसी का आरोप लगाया था। इसके बाद दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने पुलिस आयुक्त को निगरानी संबंधी आरोपों की जांच के आदेश दिए हैं।

पंजाब के खुफिया अधिकारियों की मौजूदगी के आरोपों पर उपराज्यपाल कार्यालय ने पुलिस आयुक्त को मामले की जांच करने और तीन दिन के भीतर विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

संदीप दीक्षित ने पंजाब सरकार के खुफिया कर्मियों पर बार-बार उनके आवास पर आने और उनके घर के बाहर अपने वाहन पार्क करने का आरोप लगाया है।

एलजी कार्यालय ने एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा, यह पूर्व सांसद संदीप दीक्षित से संबंधित विषय है। उन्होंने पंजाब सरकार के खुफिया कर्मियों द्वारा कथित तौर पर उनके आवास पर आने और उनके घर के बाहर अपने वाहन पार्क करने के बारे में गंभीर चिंता जताई है।

दीक्षित ने दावा किया कि ये कार्रवाइयां आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इशारे पर की जा रही हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि यह उन्हें डराने और चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने से हतोत्साहित करने का प्रयास हो सकता है।

मामले का संज्ञान लेते हुए उपराज्यपाल ने विशेष रूप से आगामी चुनावों के मद्देनजर निष्पक्ष लोकतांत्रिक माहौल सुनिश्चित करने के महत्व पर बल दिया।

विज्ञप्ति में कहा गया है, माननीय उपराज्यपाल ने आरोपों की गंभीरता पर गौर किया है। विधानसभा चुनावों को देखते हुए यह आवश्यक है कि संभावित उम्मीदवारों को किसी भी तरह की धमकी या दबाव का सामना न करना पड़े, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी में बाधा उत्पन्न हो।

उपराज्यपाल ने पुलिस आयुक्त को आरोपों की गहन जांच करने और तीन दिन के भीतर उनके कार्यालय को विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

कांग्रेस पार्टी ने संदीप दीक्षित को नई दिल्ली सीट से आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मैदान में उतारा गया है। उन्होंने गुरुवार को दिल्ली के एलजी सक्सेना से मुलाकात की थी।

कांग्रेस नेता ने दिल्ली के उपराज्यपाल से महिला सम्मान योजना की धोखाधड़ी को लेकर आप नेता अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करने का आदेश देने की भी अपील की थी।

महिला सम्मान योजना पर अपने पत्र में एलजी सचिवालय ने संभागीय आयुक्त से इस बात की जांच करने को कहा है कि किस तरह गैर-सरकारी व्यक्ति व्यक्तिगत डेटा एकत्र कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, पुलिस आयुक्त को लाभ देने की आड़ में गोपनीयता कानूनों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

अपनी शिकायत में दीक्षित ने विधानसभा चुनाव से पहले पंजाब से दिल्ली में नकदी की आवाजाही का भी आरोप लगाया है। इसके बाद एलजी ने मुख्य सचिव को मामले की जानकारी दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी को देने को कहा है। पुलिस आयुक्त को पड़ोसी राज्यों पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में पुलिस अधिकारियों को गैरकानूनी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सतर्क करने का निर्देश दिया गया है।

**किसान नेता डल्लेवाल ने इस दिन खनौरी बॉर्डर पर बुलाई महापंचायत, लाखों लोगों के शामिल होने की उम्मीद**

नई दिल्ली ,28 दिसंबर (आरएनएस)। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 4 जनवरी को खनौरी बॉर्डर पर एक विशाल महापंचायत बुलाई है। इस महापंचायत में लाखों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। इसके साथ ही, डल्लेवाल ने कहा कि वह 4 जनवरी को मंच से किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश देंगे।



श्रीनगर में मौसम की पहली बर्फबारी के बाद बर्फ से ढके वाहन, चारों ओर सर्दियों का नजारा.



एनसीसी कैडेट्स ने अमृतसर में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के पैतृक विद्यालय हिंदू कॉलेज में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मनमोहन सिंह के परिवार और सिख समाज की भावनाओं का सम्मान करे केंद्र सरकार : मायावती

लखनऊ (आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नाम स्मारक बनाने के लिए केंद्र सरकार से मांग की।

मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि केंद्र सरकार देश के पहले सिख प्रधानमंत्री रहे डा. मनमोहन सिंह के देहांत होने पर उनका अंतिम संस्कार जहां करें वहीं सम्मान में स्मारक आदि बनवाएं जहां उनके परिवार की दिली इच्छा है।

उन्होंने आगे लिखा कि इसके लिए कोई भी राजनीति करना ठीक नहीं है और इन मामलों में केंद्र सरकार इनके परिवार की व सिख समाज की भी भावनाओं का ज़रूर सम्मान करे तो यह उचित होगा।

मायावती का ये पोस्ट कांग्रेस की उस मांग के बाद आया है जिसमें उसने केंद्र से अंतिम संस्कार स्थल पर ही स्मारक बनाने की अपील की है।

गौरतलब है कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। तबीयत बिगड़ने के बाद गुरुवार को उन्हें दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया था। मनमोहन सिंह ने एम्स के आपातकालीन विभाग में अंतिम सांस ली। दिल्ली एम्स की ओर से आधिकारिक बयान जारी कर उनकी निधन की पुष्टि की गई थी।

दिल्ली एम्स ने अपने आधिकारिक बयान में बताया कि वह उम्र संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे और 26 दिसंबर को वह घर पर अचानक बेहोश हो गए थे। इसके बाद घर पर उन्हें तत्काल उपचार दिया गया। उन्हें शाम 8.06 बजकर एम्स के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। इन सब प्रयासों के बावजूद उनके स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ और रात 9.51 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। ज्ञात हो कि मनमोहन सिंह साल 2004 से 2014 तक दो बार प्रधानमंत्री रहे थे। उनकी गिनती देश के बड़े अर्थशास्त्रियों में होती थी।

**भारी बर्फबारी से घाटी में जनजीवन अस्त-व्यस्त, जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर सैकड़ों लोग फंसे**

श्रीनगर (आरएनएस)। भारी बर्फबारी के कारण शनिवार को घाटी में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। पीर पंजाल सुरंग और श्रीनगर शहर के बीच जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सैकड़ों वाहन फंसे रहे।

शुक्रवार दोपहर को भारी बर्फबारी शुरू हो गई, जो शनिवार सुबह तक जारी रही।

सड़क पर अत्यधिक फिसलन से पीर पंजाल सुरंग और श्रीनगर शहर के बीच सैकड़ों वाहन अटके पड़े हैं।

भारी बर्फबारी और शून्य से नीचे के तापमान के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर बर्फ की मोटी चादर जम गई। जिसकी वजह से हाइवे पर गाड़ियां कई घंटों तक सुरंग के अंदर फंसी रहीं।

स्थानीय अधिकारी सड़क पर फंसी हुई गाड़ियों को निकालने के लिए काफी प्रयास कर रहे थे, लेकिन बर्फबारी के कारण वाहन लगातार कई घंटों तक फंसे रहे।

कुलगाम और अनंतनाग जिलों में वरिष्ठ नागरिक और पुलिस अधिकारी बर्फ हटाने वाली मशीनों के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर फंसे वाहनों को निकालने के लिए पहुंचे।

## मनमोहन सिंह स्मारक विवाद के बीच प्रणब मुखर्जी की बेटी ने की कांग्रेस की आलोचना

नईदिल्ली (आरएनएस)। पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस नेता मनमोहन सिंह के समाधि स्थल पर चल रहे विवाद के बीच पूर्व राष्ट्रपति दिवंगत प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने कांग्रेस की आलोचना की है।दरअसल, उन्होंने मुखर्जी के निधन के बाद कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक आयोजित न किए जाने को लेकर पार्टी पर हमला बोला है।हालांकि, उन्होंने मनमोहन सिंह के लिए एक स्मारक स्थल के लिए जमीन आवंटित करने पर केंद्र से कांग्रेस के अनुरोध का समर्थन किया है।

शर्मिष्ठा ने एक्स पर लिखा, जब बाबा (प्रणब मुखर्जी) का निधन हुआ, तो कांग्रेस ने शोक सभा के लिए सीडब्ल्यूसी को बुलाने की भी जहमत नहीं उठाई। एक वरिष्ठ नेता ने मुझसे कहा कि राष्ट्रपतियों के लिए ऐसा नहीं किया जाता। यह पूरी तरह बकवास है क्योंकि मुझे बाद में बाबा की डायरी से पता चला कि केआर नारायणन की मृत्यु पर, सीडब्ल्यूसी को बुलाया गया था और शोक संदेश बाबा द्वारा ही तैयार किया गया था।

शर्मिष्ठा की यह टिप्पणी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा सिंह के अंतिम संस्कार और समाधि स्थल के लिए एक जगह की मांग के बाद आई है। हालांकि, शर्मिष्ठा ने कांग्रेस की मांग का समर्थन किया है।



सियोल से 288 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में मुआन में मुआन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अग्निशमन कर्मी बचाव अभियान चलाते हुए, 181 लोगों को ले जा रहा एक यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

## दिसंबर की बारिश ने दिल्ली में तोड़ा 101 साल का रिकॉर्ड, वायु गुणवत्ता सूचकांक में हुआ सुधार

नईदिल्ली (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में शुक्रवार को भारी बारिश हुई. जिसने दिसंबर के महीने में हुई बारिश का 101 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया. आईएमडी के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, राजधानी के सफदरजंग में शनिवार सुबह 8.30 बजे 24 घंटों के दौरान 41.2 मिमी बारिश दर्ज की गई. जो दिल्ली में दिसंबर के महीने में एक ही दिन में हुई अब तक की दूसरी सबसे ज्यादा बारिश थी. दिसंबर के महीने में इससे पहले बारिश का रिकॉर्ड 3 दिसंबर 1923 को बना था, तब 75.7 मिमी बारिश हुई थी. वहीं शुक्रवार को हुई बारिश बीते 15 सालों में सबसे ज्यादा बारिश दर्ज की गई. इस बारिश के बाद अधिकतम तापमान में लगभग 10 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई और तापमान गिरकर 14.6 डिग्री सेल्सियस पर आ गया. इसी के साथ शुक्रवार का दिन इस सीजन में पिछले पांच साल में सबसे ठंडा दिन रहा. बता दें कि राजधानी दिल्ली में शुक्रवार से ही रुक-रुककर बारिश हो रही है.

जिससे ठंड में तो इजाफा हुआ है लेकिन वायु गुणवत्ता सूचकांक काफी बेहतर हो गया है. इसके बाद दिल्ली में लगी ग्रैप-3 की पाबंदियां भी हटा दी गई हैं. केंद्रीय प्रदूषण सूचकांक बोर्ड के मुताबिक, बारिश के बाद शनिवार को दिल्ली की वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) घटकर %मध्यम% श्रेणी में आ गया, जो पिछले कई दिनों से %बहुत खराब% श्रेणी में बना हुआ था.

# मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए जमीन आवंटित करेगी सरकार

नईदिल्ली (आरएनएस)। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निधन हो गया है. आज दिल्ली के निगम बोध घाट पर उनका अंतिम संस्कार होगा. केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस बीच शुक्रवार रात घोषणा की कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए भारत सरकार जगह आवंटित करेगी. मंत्रालय ने बताया कि उन्होंने सरकार के इस फैसले की जानकारी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और डॉ. मनमोहन सिंह के परिवार को दे दी है.

मंत्रालय के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी को पत्र लिखा था. पत्र में उन्होंने आग्रह किया था कि डॉ. मनमोहन सिहं का अंतिम संस्कार ऐसे जगह हो, जहां उनका स्मारक बनाया जा सके. बता दें, कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि सरकार ने जगह के चयन में देरी की. ये पूर्व प्रधानमंत्री के सम्मान में बड़ी चूक है.

गृह मंत्रालय ने बताया कि कैबिनेट की बैठक के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मनमोहन सिंह के परिवार और मल्लिकार्जुन खरगे को जानकारी दी स्मारक के लिए सरकार जमीन का आवंटन करेगी. मंत्रालय ने बताया कि स्मारक के निर्माण के लिए ट्रस्ट का गठन किया जाएगा. आने वाली पीढ़ियों को उनसे प्रेरणा मिल सके, इसलिए सरकार उनके स्मारक के लिए जमीन आवंटित करेगी.

मामले में गृहमंत्रालय ने आगे बताया कि अंतिम संस्कार सहित अन्य औपचारिकताओं के बाद स्मारक के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी. प्रक्रिया डॉ. मनमोहन सिंह के योगदान और उनके प्रति सम्मान की भावना को ध्यान में रखकर शुरू की जाएगी.

## बीपीएससी परीक्षा विवाद , नामी शिक्षक गुरु रहमान को भेजा गया नोटिस

पटना (आरएनएस)। पटना पुलिस ने प्रसिद्ध शिक्षक गुरु रहमान को नोटिस भेजा है। उन्हें थाने में आकर पेपर लीक संबंधित सबूत पेश करने को कहा गया है। मामला बीपीएससी परीक्षा पेपर लीक से जुड़ा है। गुरु रहमान को आज गर्दनीबाग थाना में बुलाया गया है और कहा गया है कि अगर उनके पास पेपर लीक होने के कोई सबूत हैं, तो उन्हें वह सबूत लेकर आना होगा। अगर वे नहीं आते हैं या उनके पास कोई सबूत नहीं होता है, तो यह माना जाएगा कि वे सरकार और बिहार लोक सेवा आयोग की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं।

नोटिस में यह भी कहा गया है कि यदि गुरु रहमान नहीं आते या उनके पास कोई सबूत नहीं होता, तो उनके खिलाफ बिहार में राष्ट्रीय सुरक्षा के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है। बता दें कि 26 दिसंबर को बड़ी संख्या में अभ्यर्थी पटना के गर्दनीबाग में धरने पर बैठे थे।



भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने नई दिल्ली के निगमबोध घाट पर राजकीय अंतिम संस्कार के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की.




भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय एक्सटेंशन में संगठन पर्व कार्यशाला में भाग लिया.

# उत्तरकाशी के गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में जमी बर्फ, भारी बारिश की चेतावनी


उत्तरकाशी (आरएनएस)। उत्तरकाशी के गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में लगभग एक फीट बर्फ जमा होने से निचले इलाकों में भी ठंड बढ़ गई है। बर्फबारी के कारण प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

मौसम विभाग ने उत्तरकाशी जिले में भारी बर्फबारी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, जनपद के 2200 मीटर की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मौसम में तीव्र परिवर्तन होने की संभावना है। इन क्षेत्रों में भारी बर्फबारी और बारिश हो सकती है, जिससे सर्दी और बढ़ सकती है और यातायात प्रभावित हो सकता है।

इस अलर्ट के मद्देनजर प्रशासन ने संबंधित क्षेत्रों में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। यात्रियों और स्थानीय निवासियों को खराब मौसम के कारण सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है।

सड़क मार्गों पर बर्फ जमने और दुर्घटनाओं के खतरे को देखते हुए यातायात व्यवस्था को लेकर भी अतिरिक्त इंतजाम किए जा रहे हैं। यह अलर्ट विशेष रूप से गंगोत्री, यमुनोत्री और अन्य ऊंचाई वाले क्षेत्रों के लिए है, जहां बर्फबारी और बारिश की अधिक संभावना है।

उत्तरकाशी जनपद के मुख्यालय सहित अन्य क्षेत्रों में जबरदस्त बारिश हुई है, जिससे ठंड में और भी वृद्धि हो गई है। भारी बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। इस मौसम में ठंड से बचने के लिए लोग अब अलाव का सहारा ले रहे हैं। जिला प्रशासन ने आपातकालीन स्थिति से निपटने के आदेश दिए हैं। आदेश के तहत स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, स्थानीय प्रशासन, और आपदा प्रबंधन टीमों को अलर्ट रहने को कहा गया है। साथ ही राजस्व विभाग, ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ), ग्राम प्रधान और अन्य संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में रहकर निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। इन अधिकारियों को आपातकालीन स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने और स्थानीय समुदाय को किसी भी प्रकार के संकट से बचाने के लिए सतर्क रहने को कहा गया है। उत्तरकाशी में बढ़ती ठंड और खराब मौसम को देखते हुए जिला प्रशासन ने खासतौर पर बच्चों और बुजुर्गों को बाहर जाने से मना किया है। केवल अति आवश्यक काम होने पर ही बाहर जाने की अनुमति दी गई है, ताकि ठंड और बर्फबारी के कारण होने वाली बीमारियों से बचाव किया जा सके। वहीं लोक निर्माण विभाग को भी विशेष निर्देश दिए गए हैं



आमिर खान के बेटे जुनैद खान और श्रीदेवी-बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर अपनी अगली फिल्म लवयापा के लिए साथ आने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी है, जो 2025 में रिलीज होगी। लवयापा जुनैद और खुशी दोनों की अपने-अपने करियर की दूसरी फिल्म है। यह फिल्म आधुनिक समय के रोमांस की दुनिया में उतरती है, जिसमें एक संबंधित कहानी, जीवंत संगीत और शानदार दृश्य हैं। इसका लक्ष्य 7 फरवरी, 2025 को वैलेंटाइन डे के सप्ताह में रिलीज करना है।

# निखिता गांधी ने श्रेया घोषाल के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद किया



पॉप गायिका निखिता गांधी ने एक लोकप्रिय संगीत रियलिटी शो में लोकप्रिय गायिका श्रेया घोषाल के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद करते हुए बताया कि यह मुलाकात फिल्म निर्माता राजकुमार राव की फिल्म संजू के लिए रिकॉर्डिंग सत्र के दौरान हुई थी।

निखिता और श्रेया घोषाल ने रणबीर कपूर अभिनीत फिल्म संजू में राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित दो गानों क्रमश- मुझे चांद पे ले चलो और कर हर मैदान फतेह में अपनी आवाज दी थी।

रिकॉर्डिंग के दिनों को याद करते हुए, निखिता ने कहा- मुझे राजकुमार हिरानी की फिल्म संजू के दौरान पहली बार श्रेया से मिलना याद है, जहाँ हम दोनों के गाने थे। मुझे रिकॉर्डिंग सत्र के दौरान उनसे मिलना याद है और वह रिकॉर्डिंग बूथ में अपने टेक कर रही थीं और हर टेक इतना शानदार था। मुझे याद है कि मैं वहां विस्मय में बैठी थी और उनका गायन सुन रही थी। वह उन सबसे शानदार गायिकाओं में से एक हैं जिन्हें मैंने कभी सुना है।

उन्होंने आगे कहा, उनसे दोबारा मिलकर बहुत अच्छा लगा और मैं एक कलाकार के रूप में उनका बहुत सम्मान करती हूं और जिस तरह से उन्होंने अपनी कला को निखारा है, मैं उनका बहुत सम्मान करती हूं।

निखिता ने हाल ही में एपी ढिल्लों के ब्राउनपॉइंट टूर में अपने सफल ट्रैक प्रस्तुत किए थे, जिसकी शुरुआत मुंबई से हुई थी और वह अपने लाइव शो के लिए दुनिया भर की यात्रा भी कर रही हैं।

33 वर्षीय गायक ने राब्ता में दीपिका पादुकोण के चेहरे के रूप में शीर्षक ट्रैक राब्ता के लिए गाना गाया है।

## रणवीर सिंह और आदित्य धर की फिल्म की शीर्षक से उठा पर्दा, नाम हैं धुरंधर

निर्देशक आदित्य धर नई फिल्म पर काम कर रहे हैं। इसमें रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, आर माधवन और अर्जुन रामपाल जैसे सितारे हैं। फिल्म एक्शन से भरपूर है। अब इससे जुड़ी एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। इसका टाइटल लीक हो गया है। दरअसल, इस फिल्म का अमृतसर का शूटिंग शेड्यूल पूरा हो चुका है। इसकी जानकारी एक्टर राकेश बेदी ने साझा की। इसके साथ उन्होंने केक कटिंग की फोटो भी पोस्ट की, जिसमें फिल्म का टाइटल लिखा है। आदित्य धर की एक्शन से भरपूर इस फिल्म का नाम है धुरंधर। केक पर यही नाम लिखा है। साथ ही शूटिंग पूरी होने की जानकारी भी साथ है। केक पर रणवीर सिंह, आर माधवन, अक्षय खन्ना, राकेश बेदी, संजय दत्त और अर्जुन रामपाल की तस्वीरें भी है।

# ब्लैक कलर में बला की खूबसूरत दिखीं अनुष्का सेन

बालवीर फेम अनुष्का सेन इंडस्ट्री की फेमस एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उन्होंने बेहद ही कम उम्र में अपनी एक्टिंग से लोगों को इस कदर दीवाना बनाया हुआ है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन फोटोज में उनका बोल्ड और हॉट अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

एक्ट्रेस अनुष्का सेन बेहद ही टैलेंटेड अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने बेहद ही कम उम्र में लोगों के बीच अपनी अच्छी-खासी पहचान बना ली है।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट लुक की फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने ब्लैक कलर का बैकलेस बॉडीकॉन ड्रेस पहना हुआ है, जिसमें वो अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं।

खुले बालों को स्टाइलिश लुक कर के और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से



कंप्लीट किया है। हाई हील्स, हाथों में बैग पकड़े हुए और कानों में इयररिंग्स पहनकर एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने इस लुक को बेहद ही स्टनिंग तरीके से निखारा है। अनुष्का सेन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उन्हें 39.9 मिलियन यूजर्स फॉलो करते हैं।

## बेबी जॉन थलपति विजय की थेरी को पछाड़ने में नाकाम, फिर भी डबल-डिजिट में ओपनिंग करने में हुई कामयाब

वरुण धवन की मास एक्शन एंटरटेनर बेबी जॉन 2024 की आखिरी बड़ी बॉलीवुड रिलीज है. वह फिल्म क्रिसमस के मौके पर बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई. फिल्म में बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान कैमियो की भूमिका में नजर आए हैं. फिल्म को दर्शकों और समीक्षक से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है. हालांकि इसने बॉक्स ऑफिस पर डबल-डिजिट नंबर के साथ अच्छी शुरुआत की है. क्रिसमस की छुट्टियों के कारण बेबी जॉन की ओपनिंग को फायदा मिला है. हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर पुष्पा 2 और मुफासा जैसी फिल्मों की वजह से यह थोड़ी प्रभावित हुई है. फिल्म ने अनुमानों के अनुसार ओपनिंग की. हालांकि, एक मास मूवी और हॉलिडे रिलीज होने के कारण बेबी जॉन से बहुत अधिक ओपनिंग की उम्मीद थी, जो नहीं हुआ. फिर भी फिल्म डबल डिजिट में बिजनेस करने में कामयाब रही हैं.

हालांकि, बेबी जॉन, थलपति विजय की थेरी के ओपनिंग डे बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को पार करने में विफल रही. थेरी ने ओपनिंग डे पर घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 18.1 करोड़ रुपये और दुनिया भर में 39.96 करोड़ रुपये कमाए थे. सैकनिल्क के रिपोर्ट के मुताबिक, एटली की निर्मित फिल्म बेबी जॉन ने 12.50 करोड़ रुपये की कमाई की. बुधवार को फिल्म की हिंदी ऑक्यूपेंसी 24.53 प्रतिशत रही.

इसके अलावा, अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 अपने तीसरे हफ्ते में भी बेबी जॉन को कड़ी टक्कर दे रही है. पुष्पा 2 ने 19.75 करोड़ का कलेक्शन किया है. पुष्पा 2 ने हिंदी में 15 करोड़ का नेट कलेक्शन किया. फिल्म का हिंदी बेल्ट में कुल कलेक्शन 730.75 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है और 800 करोड़ के नेट क्लब की ओर बढ़ रही है.

# पुष्पा 2 ने किया वर्ल्डवाइड 1700 करोड़ का आंकड़ा पार, खतरे में आया बाहुबली 2 का रिकॉर्ड

अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 एक के बाद एक रिकॉर्ड तोड़ रही है अब 21वें दिन पुष्पा 2 ने सबसे तेज 1700 करोड़ का आंकड़ा पार करके इतिहास रच दिया है. मेकर्स ने हाल ही में पुष्पा 2 के अचीवमेंट पर एक नया पोस्टर शेयर करते हुए अपनी खुशी जाहिर की. पुष्पा 2 अब बाहुबली के बड़े रिकॉर्ड को तोड़ने की राह पर है. क्रिसमस पर पुष्पा 2 ने दुनियाभर में जबरदस्त कमाई की है. फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 1100 करोड़ का कलेक्शन किया है.

पुष्पा 2 मेकर्स ने हाल ही में 21 वें दिन नए पोस्टर के साथ फिल्म का वर्ल्डवाइड कमाई का आंकड़ा सोशल मीडिया पर शेयर किया. इसके साथ कैप्शन लिखा, 2024 में भारतीय सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म रिकॉर्ड तोड़ना जारी रखेगी. 21 दिनों में दुनियाभर में 1705 करोड़ की कमाई के साथ पुष्पा 2 बॉक्स ऑफिस पर 1700 करोड़ का कलेक्शन करने वाली अब तक की सबसे तेज भारतीय फिल्म है.

पुष्पा 2 ने 1700 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है इसी के चलते बाहुबली 2 का रिकॉर्ड खतरे में आ गया है. जी हां प्रभास की बाहुबली 2 की वर्ल्डवाइड कमाई लगभग 1800 करोड़ थी. जिसका रिकॉर्ड जल्द ही पुष्पा 2 तोड़ देगी. बाहुबली 2 का टोटल बजट 250 करोड़ था और इसने दुनियाभर में 1810.60 करोड़ की कमाई की थी. इसे तोड़ने के बाद पुष्पा 2 सबसे कमाऊ भारतीय फिल्म बन जाएगी. पहले नंबर पर अभी भी आमिर खान की दंगल है जिसने दुनियाभर में लगभग 2000 करोड़ की कमाई की है. बाहुबली 2 का रिकॉर्ड तोड़ने के बाद पुष्पा 2 की नजर दंगल के रिकॉर्ड पर होगी.

पुष्पा 2 दुनियाभर में 5 दिसंबर को रिलीज हुई थी और रिलीज होते ही फिल्म ने एक के बाद एक कई रिकॉर्ड्स तोड़े. फिल्म में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल लीड रोल में हैं. पुष्पा 2 साल 2021 में आई पुष्पा की सीक्वल है जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया था और अब पुष्पा 2 को भी दर्शक खूब प्यार दे रहे हैं. देखना दिलचस्प होगा कि आने वाले दिनों में पुष्पा 2 कितने रिकॉर्ड तोड़ती है.

**सलमान खान की सिकंदर का फर्स्ट लुक आउट, बर्थडे पर भाईजान ने किया बड़ा ऐलान, फैंस को देंगे ये तोहफा**

सलमान खान का आज 27 दिसंबर को बर्थडे है इसके पहले भाईजान ने दर्शकों के लिए अपनी अपकमिंग और मोस्ट अवेटेड फिल्म सिकंदर का फर्स्ट लुक जारी किया है. साथ ही फैंस को बर्थडे पर एक धमाकेदार गिफ्ट देने का भी ऐलान किया है. सलमान ने पोस्टर शेयर करते हुए फैंस को बर्थडे पर तोहफा देने का वादा किया है.

सलमान खान ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, आज सुबह फिर से मिलते हैं ठीक 11.07 बजे. सिकंदर का टीजर कल रिलीज होगा.

## सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की परम सुंदरी की रिलीज तारीख का ऐलान, पहली झलक जारी

जाने-माने अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा आने वाले दिनों में कई फिल्मों के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करते हुए नजर आएंगे। उनकी फिल्मों की सूची में परम सुदंरी भी कतार में हैं, जिसमें उनकी जोड़ी पहली बार अभिनेत्री जाह्नवी कपूर के साथ बनी है।आखिरकार अब परम सुदंरी की रिलीज तारीख से पर्दा उठ गया है। फिल्म से सिद्धार्थ और जाह्नवी की पहली झलक भी सामने आ गई है।आइए बताते हैं यह फिल्म कब रिलीज होगी।

परम सुंदरी में सिद्धार्थ दिल्ली के एक अमीर या कहें बड़े कारोबारर का किरदार निभा रहे हैं। उधर जाह्नवी एक ऐसी लड़की (परम सुंदरी) के किरदार में हैं, जो केरल से ताल्लुक रखती है और पेशे से एक कलाकार है, जो अपनी परंपराओं व उसूलों की पक्की है।फिल्म में दिखाया जाएगा कि कैसे 2 एकदम अलग-अलग मिजाज के लोग एक-दूसरे के प्यार में पड़ जाते हैं।

# क्या एलोवेरा जूस सेहत के लिए हमेशा सुरक्षित होता है? जानिए इसकी सच्चाई



एलोवेरा जूस एक ऐसा पेय है, जिसे बेहद सेहतमंद माना जाता है। यह सच है कि एलोवेरा में कई पोषक तत्व होते हैं, जो सेहत के लिए अच्छे माने जाते हैं।हालांकि, क्या यह हमेशा सुरक्षित होता है?इस लेख में हम एलोवेरा जूस से जुड़े कुछ मिथकों पर चर्चा करेंगे और जानेंगे कि इसे डाइट में जोड़ते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, ताकि इसका सही लाभ मिल सके और संभावित नुकसान से बचा जा सके।

एलोवेरा जूस के फायदे और नुकसान एलोवेरा जूस को स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद बताया जाता है, क्योंकि यह पाचन को सुधारने और त्वचा की देखभाल करने में मदद करता है।हालांकि, इसका अधिक सेवन पेट दर्द या दस्त जैसी समस्याएं पैदा कर सकता है। इसीलिए, इसे संतुलित मात्रा में ही लेना चाहिए।अगर आप किसी बीमारी से ग्रस्त हैं या दवा ले रहे हैं, तो इसे खान-पान का हिस्सा बनाने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर ले लें, ताकि कोई अनचाही समस्या न हो।

गर्भवती महिलाओं को नहीं करना चाहिए इसका सेवन

गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को अपनी डाइट का खास ध्यान रखना होता है। इस समय एलोवेरा जूस का सेवन करने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर ले लें।यह इसलिए जरूरी है, क्योंकि एलोवेरा जूस में मौजूद कुछ तत्व गर्भस्थ शिशु पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। यह शिशु के विकास में बाधा डाल सकता है।इसलिए गर्भवती महिलाओं को एलोवेरा जूस पीने से बचना चाहिए या विशेषज्ञ की राय अवश्य लेनी चाहिए, ताकि कोई समस्या न हो।

बच्चों के लिए नहीं है फायदेमंद

मां-बाप बच्चों को हमेशा पौष्टिक खाद्य पदार्थ देने की कोशिश करते हैं। हालांकि, एलोवेरा जूस का सेवन उनके लिए फायदेमंद नहीं होता है।बच्चों का पाचन तंत्र वयस्कों जितना मजबूत नहीं होता है और एलोवेरा जूस उनके पेट में दर्द पैदा कर सकता है। इससे पेट में ऐंठन हो सकती है या दस्त जैसी समस्याएं हो सकती हैं।इसलिए बच्चों को यह देने से पहले बाल रोग विशेषज्ञ से सलाह अवश्य लें।

दवा लेने वालों के लिए चेतावनी अगर आप कोई दवा ले रहे हैं, तो एलोवेरा जूस पीने से पहले सावधानी बरतें। यह कुछ दवाओं के साथ प्रतिक्रिया कर सकता है और उनकी प्रभावशीलता को कम कर सकता है या साइड इफेक्ट्स बढ़ा सकता है।ऐसे में डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी है, ताकि आपकी स्वास्थ्य स्थिति स्थिर बनी रहे और कोई अनचाही समस्या न हो।एलोवेरा जूस के फायदे होते हुए भी इसका सेवन सोच-समझकर करना चाहिए, ताकि संभावित नुकसान से बचा जा सके।

# सुबह-सुबह सूर्य नमस्कार करना सेहत के लिए होता है फायदेमंद, ऐसे डालें इसकी आदत



सुबह के समय सूर्य नमस्कार करना स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह न केवल शरीर को ताजगी देता है, बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करता है।इस लेख में हम आपको बताएंगे कि कैसे आप सुबह के समय सूर्य नमस्कार करने की आदत डाल सकते हैं और इसके क्या-क्या फायदे होते हैं।यह लेख सभी उम्र के लोगों के लिए उपयोगी होगा, खासकर उन लोगों के लिए, जो अपनी दिनचर्या में थोड़ा बदलाव लाना चाहते हैं।

सही तरीके से शुरुआत करें

सूर्य नमस्कार की शुरुआत करने से पहले अपने शरीर को हल्का गर्म कर लें। इससे मांसपेशियों में खिंचाव नहीं होगा और चोट लगने का खतरा कम रहेगा।शुरुआत में धीरे-धीरे यह एक्सरसाइज करें और हर आसन पर ध्यान दें। अगर आप पहली बार कर रहे हैं, तो किसी विशेषज्ञ की सलाह लेना बेहतर होगा, ताकि आप सही तरीके से इसे सीख सकें।इससे आपको सही तकनीक का ज्ञान होगा, जिससे अभ्यास अधिक प्रभावी होगा और शरीर का लचीलापन बढ़ेगी।

नियमितता बनाए रखें

सूर्य नमस्कार का फायदा तभी मिलता है, जब इसे नियमित रूप से किया जाए। इसे रोजाना एक ही समय पर करने की कोशिश करें, ताकि यह आपकी दिनचर्या का हिस्सा बन सके।इससे आपके शरीर को इसकी आदत हो जाएगी और आप ज्यादा ऊर्जावान महसूस करेंगे। नियमित अभ्यास से न केवल आपका शरीर लचीला बनेगा, बल्कि मानसिक शांति भी मिलेगी।यह आदत आपको दिनभर तरोताजा और सक्रिय बनाए रखेगी, जिससे आपके काम करने की क्षमता भी बढ़ेगी।

सांसों पर ध्यान दें

सूर्य नमस्कार करते समय सांसों पर ध्यान देना बेहद जरूरी होता है। हर आसन के साथ धीरे-धीरे और सही तरीके से सांस लें और छोड़ें।इससे आपकी श्वसन प्रणाली मजबूत होगी और मानसिक शांति मिलेगी। गहरी सांस लेने से तनाव कम होता है और मन शांत रहता है, जिससे आप बेहतर तरीके से ध्यान केंद्रित कर पाते हैं।यह प्रक्रिया शरीर को ऊर्जा देती है और आपको दिनभर तरोताजा महसूस करवाती है।

धीरे-धीरे अभ्यास का समय बढ़ाएं


शुरुआत में 5-10 मिनट तक सूर्य नमस्कार करें, ताकि आपका शरीर इस अभ्यास का आदी हो सके। धीरे-धीरे इसका समय बढ़ाएं और ध्यान दें कि आपका शरीर कैसे प्रतिक्रिया करता है।जैसे-जैसे आप इसे नियमित रूप से करते रहेंगे, आपकी मांसपेशियां मजबूत होंगी। इससे आपको बेहतर संतुलन और शारीरिक शक्ति मिलेगी।अधिक समय तक अभ्यास करने से आप मानसिक रूप से भी शांत महसूस करेंगे और दिनभर ऊर्जावान रहेंगे। यह प्रक्रिया आपके स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगी।

## शब्द सामर्थ्य -279

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**
1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 278 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | ट्टू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना भेड़ाघाट में तेवर पुल सी वर्ल्ड के सामने एक्सीडेण्ट होने की सूचना पर पहुँची पुलिस को साहिल चड़ार उम्र 18 वर्ष निवासी गड़र पिपरिया ने बताया कि आज सुवह उसे सूचना मिली कि उसके पिता चिन्तामन चड़ार उम्र 46 वर्ष का तेवर पुल सी वर्ल्ड के सामने एक्सीडेण्ट हो गया है वह तुरंत मौके पर जाकर देखा सड़क दुर्घटना में आयीं चोटें के कारण उसके पिता चिन्तामन चड़ार की मृत्यु हो चुकी थी। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।



# धान उपार्जन की व्यवस्थओं के संबंध में बैठक संपन्न



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अपर कलेक्टनर श्रीमती मिशा सिंह ने धान उपार्जन की व्यवस्था ओं के संबंध में बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यीक निर्देश दिये। उन्हों ने कहा कि बेमौसम हुई बारिश के कारण गीली हुई उपार्जित धान को सुखाने और अपग्रेड करने का कार्य युद्ध स्तर पर करें। उपार्जित सूखे धान को शीघ्र ही वेयर हाउस में रखा जाये तथा 1 जनवरी तक शत-प्रतिशत एक्सेसपटेंस जारी हो जायें। साथ ही कहा कि ट्रांसपोर्टेशन के लिए मिलर्स का मैपिंग कर लिया जाये। उन्हों्ने संबंधित अधिकारी से कहा कि खरीदी केन्द्र पर जब अधिकारी जायें तो वहां सर्वेयर व समिति प्रबंधक आवश्यत रहें। धान सुखाने का काम चूंकि देरी तक चलेगा अतः विद्युत व्यववस्थार भी सुनिश्चित कर ली जाये। बारदाने के समुचित प्रबंध करने के साथ ही कहा कि सही बारदाने का ही उपयोग किया जाये। धान सुखाने के दौरान तिरपाल की व्यकवस्थाा हो। उपार्जित धान को सुरक्षित रखने की समुचित व्येवस्था करें ताकि किसानों द्वारा विक्रय के लिए लाये गये धान से मिक्स न हो। उन्हौंने विशेष रूप से कहा कि आपदा के समय मौकापरस्ति लोगों पर निगरानी रखें। खरीदी की गई धान की कम्प्यू टर में एंट्री हो, जिसमें खरीदी गई धान की मात्रा का सही मिलान भी हो। उन्होंगने कहा कि सभी अधिकारी बैठक के बाद फील्डी में जायें और व्यहवस्था सुनिश्चित करें। बैठक में अपर कलेक्टर श्री नाथूराम गोंड़ सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना

जबलपुर- थाना लार्डगंज में सड़क दुर्घटना में घायल को उपचार हेतु एम.एच. अस्पताल में भर्ती कराये जाने की सूचना पर पहुँची पुलिस को विवेकराज अहिरवार उम्र 29 वर्ष निवासी पोलीपाथर थाना ग्वारीघाट ने बताया कि आज सुवह आफिस जाने के लिये मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एम वाई 6582 से निकला था लगभग 9-30 बजे जैसे ही मानस भवन चौराहे के पास पहुॅचा तभी राईट टाउन की ओर से आ रही सफेद रंग की आर्टिका कार क्रमांक एमपी 20 सीएच 6688 का चालक तेज गति लापरवाही पूर्वक चलाते हुये साईड से उसकी मोटर सायकल में टक्कर मार दिया जिससे वह मोटर सायकल सहित गिर गया,

# गोरखपुर क्षेत्र में बढ़ रहे अपराध थाने का घेराव होगा आज

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महिलाओं एवं बच्चियों के साथ हो रहे निरंतर अपराधों के विरुद्ध संगत जबलपुर के प्रधान श्री हरेंद्रजीत सिंह बब्बू पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन एवं सिख समाज के अन्य पदाधिका रियों द्वारा गोरखपुर सीएसपी का घेराव किया जाएगा, जिस पर महिलाओं एवं बच्चियों के साथ हो रहे निरंतर अपराधों को लेकर कार्रवाई की मांग की जाएगी। ऐसा ही सिख समाज की एक बच्ची जिसको निरंतर कुछ आसामाजिक तत्वों द्वारा अलग-अलग नंबरों से फोन कर परेशान किया जाता है एवं कोचिंग जाते समय छेड़छाड़ की जाती है पुलिस प्रशासन द्वारा समझाइए देने के बाद भी या आसामाजिक तत्वों द्वारा निरंतर बच्चियों को परेशान किया जाता है जिसके विरुद्ध कल दिनांक 31.12.2024 दिन मंगलवार को दोपहर 1ः00 बजे सीएसपी ऑफिस गोरखपुर का घेराव किया जाएगा।

### मध्य भारत मोर्चा सीएम को लिखेगा पत्र, सड़क पर करेंगे प्रदर्शन

# स्मार्ट मीटर वैसे ही लूट रहे अब बिजली की दरें बढ़ाने का होगा विरोध

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शहर में जबरदस्ती लगाए जा रहे हैं स्मार्ट मीटरों को लेकर पहले ही विरोधाभास बना हुआ है अधिकांश स्थानों से मीटर बदले जाने के बाद बड़े हुए बिलों की शिकायतें सामान्य रूप से सामने आ रही है। इसी बीच अब विद्युत मंडल ने बिजली को महंगा करने का निर्णय लिया है प्रति यूनिट 7 से 9 प्रतिशत तक बिजली महंगे करने की बात की जा रही है। यह आम जनता और मध्यम वर्गीय परिवार के ऊपर बड़ा बोझ बनेगा। बिजली की बढ़ती दरों के विरोध में मध्य भारत मोर्चा अब प्रदेश के मुखिया मोहन यादव को पत्र लिख कर प्रदेश में बड़ी हुई बिजली और लग रहे नए मीटर को लेकर मोर्चा अध्यक्ष सौरभ यादव प्रदेश के

मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर बड़ी हुई बिजली की दरों को कम करने की मांग करेंगे मध्य भारत मोर्चा का कहना है कि प्रदेश से ही बिजली का उत्पादन हो रहा है और हमारे ही प्रदेश में बिजली के भाव आम नागरिकों को झटका दे रहे है आए दिन बढ़ोतरी की जा रही है जिससे आम नागरिक की जेब का बोझ बढ़ता जा रहा है जब पहले मीटर लगे हुए है फिर उनको क्यों बदला जा रहा है । वह भी तो विद्युत कंपनी द्वारा लगाए गए है। फिर उन मीटरों को क्यों बदला जा रहा है मोर्चा अध्यक्ष सौरभ यादव ने कहा कि जब जब मीटर बदला है बिजली का बिल भी बढ़ के आ रहा है। हम इसका विरोध करते है ये मीटर के आड़ में प्राइवेट कंपनी द्वारा वसूली का नया तरीका है। जो कि आम नागरिको पर बोझ डाल रही है। जिसे लेकर मध्य भारत मोर्चा ने मोर्चा खोल दिया है। और आगामी समय में मध्य भारत मोर्चा द्वारा बिजली विभाग का घेराव और विरोध प्रदर्शन कर बड़ी हुई बिजली दरों को कम करने की मांग की जाएगी।

# पमरे से गुजरेगी मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन से सिकन्दराबाद एवं पुणे के लिए स्पेशल ट्रेनें

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। यात्रियों की सुविधा हेतु अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन-सिकन्दराबाद-मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन एवं मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन-पुणे-मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन के मध्य साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। ये स्पेशल ट्रेनें पश्चिम मध्य रेल के स्टेशनों से भी गुजरेगी जिसका विवरण इस प्रकार हैः-

1) मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन-सिकन्दराबाद-मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

दिनाँक 07 जनवरी 2025 से आगामी अगले आदेश तक गाड़ी संख्या 05293 मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन-सिकन्दराबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को सुबह 10ः45 बजे मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन से प्रस्थान करेगी और अगले दिन बुधवार रात्रि 23ः50 बजे सिकन्दराबाद पहुंचेगी।

दिनाँक 09 जनवरी 2025 से आगामी अगले आदेश तक 05294 सिकन्दराबाद-मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार को सिकन्दराबाद से भोर 03ः55 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन शुक्रवार सायं 17ः00 बजे मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन पहुंचेगी।

ठहरावः हाजीपुर, सोनपुर, पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, प्रयागराज छिवकी, सतना, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी, नागपुर, बल्लारशाह, सिरपुरकागज नगर, बेल्लमपल्ली, रामगुंडम, पेद्दपल्ली जंक्शन और काजीपेट जंक्शन।

संरचनाः दो वातानुकूलित 2-टियर, चार वातानुकूलित 3-टियर, चार वातानुकूलित इकोनॉमी 3-टियर, 6 शयनयान श्रेणी, 3 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 1 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन और 1 जनरेटर कार।

2) मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन-पुणे-मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

दिनाँक 06 जनवरी 2025 से आगामी अगले आदेश तक गाड़ी संख्या 05289 मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन-पुणे साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक सोमवार को रात 19ः25 बजे मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन से प्रस्थान करेगी और बुधवार अगले दिन प्रात: 06ः25 बजे पुणे पहुंचेगी। दिनाँक 08 जनवरी 2025 से आगामी अगले आदेश तक 05290 पुणे-मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक बुधवार को पुणे से सुबह 10ः00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन गुरुवार रात्रि 21ः50 बजे मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन पहुंचेगी।

ठहरावः हाजीपुर, सोनपुर, पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी, भुसावल, मनमाड, कोपरगाँव, बेलापुर, अहमदनगर, दौंड कॉर्ड लाइन और हडपसर (पुणे)।

संरचनाः बीस वातानुकूलित इकोनॉमी 3-टियर और 2 जेनरेटर कार।

उक्त स्पेशल ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया 222.द्गठ्ठह्लद्धह्व4.द्बठ्ठस्त्रद्बड्डठ्ठह्म्ड्डद्बद्य.द्दश1.द्बठ्ठ पर जाएं या एनटीईएस ऐप डाउनलोड करें।

# जूडो-नोडल सेंटर की आठ छात्राएं राज्य प्रतियोगिता में चयनित



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। इंदौर में 02 से 05 जनवरी 2025 तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय सब जूनियर एवम् केडेट जूडो प्रतियोगिता हेतु रानी दुर्गावती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (नोडल सेंटर) की आठ छात्राओं का चयन जिले की टीम में हुआ है। उक्त जानकारी देते हुए शाला प्राचार्य डॉ. एस. एन. श्रीवास्तव ने बताया कि हमारे विद्यालय की छात्राएं सपना चौधरी, मीठी चक्रवर्ती, रोशनी कुमारी, रिया लोधी, कीर्ति अहिरवार, आराधना गुप्ता, अग्रिमा चौकसे, अक्षया साहू आदि है। उल्लेखनीय है की इन छात्राओं ने पिछले वर्ष गुना में आयोजित राज्य शालेय जूडो प्रतियोगिता में भी पदक अर्जित किए थे यह सभी छात्राएं मध्य प्रदेश शासन के शिक्षा विभाग द्वारा संचालित नोडल सेंटर में जूडो का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं जिसकी कोच नौशीन अंजुम हैं। खिलाड़ियों की इस सफलता पर जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, संभागीय नोडल प्रभारी मुकेश श्रीवास्तव, जिला जूडो संघ के सचिव आबिद हुसैन खान, संभागीय क्रीड़ा अधिकारी आशा सिशोधिया, जिला क्रीड़ा अधिकारी मधुमिता हाजरा तथा शाला क्रीड़ा प्रभारी दीपशिखा परोहा आदि ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# वनवासी चेतना आश्रम जिलहरी घाट,निशुल्क शिक्षा का पहला केंद्र है जबलपुर में

**ब्रह्मर्षि बावरा नर्मदा विद्यापीठ का रजत जयंती वर्ष - वार्षिकोत्सव 2024 प्रतिभा प्रस्तुति का सफल आयोजन**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। तरंग ऑडिटोरियम, शक्ति भवन में आयोजित ब्रह्मर्षि बावरा नर्मदा विद्यापीठ के वार्षिकोत्सव प्रतिभा प्रस्तुति का कार्यक्रम अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यापीठ के 550 छात्र-छात्राओं ने अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। नृत्य, संगीत, नाटक, और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ हर प्रस्तुति का स्वागत किया और बच्चों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्णकांत दीदी ज्ञानेश्वरी दीदी अजय विश्नोई डॉ अखिलेश गुमास्ता ने बच्चों के उत्साह और नि:शुल्क शिक्षा के इस उत्कृष्ट प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि ब्रह्मर्षि बावरा नर्मदा विद्यापीठ, जो पिछले 25 वर्षों से वंचित और वनवासी बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रहा है, समाज के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है। आयोजन की मुख्य विशेषताएं- छात्रों ने अपने रचनात्मक और शैक्षणिक कौशल का प्रदर्शन किया। विद्यालय के 25 वर्षों की यात्रा पर आधारित एक विशेष वृत्तचित्र प्रस्तुत किया गया, विद्यापीठ के वरिष्ठ छात्रों और शिक्षकों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया,कार्यक्रम के अंत में वनवासी चेतना आश्रम के प्रतिनिधियों ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और शुभचिंतकों का धन्यवाद किया। यह आयोजन विद्यापीठ के प्रति समाज की प्रतिबद्धता और बच्चों के प्रति प्रेम को दर्शाता है। वनवासी चेतना आश्रम ने समाज के हर वर्ग से ऐसे ही सहयोग और समर्थन की अपील की ताकि शिक्षा का यह पुनीत कार्य निरंतर जारी रह सके।

# संस्कृति संगम 2024 एक मंच, अनेक रंग, अद्भुत प्रस्तुतियां






जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पूर्वी घमापुर, जबलपुर स्थित भारत सेवक समाज रामनारायण टण्डन हायर सेकेंडर स्कूल के वार्षिकोत्सव संस्कृति संगम 2024 ने अद्भुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का दिल जीत लिया। यह आयोजन विद्यालय के विद्यार्थियों की प्रतिभा, मेहनत और समर्पण का जीता-जागता प्रमाण था। सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजे इस वार्षिकोत्सव में छात्रों ने अभिनय, नृत्य और संगीत के माध्यम से भारतीय परंपरा और संस्कृति के विविध रंगों को मंच पर प्रस्तुत किया। चाहे वह रासलीला हो, जल संरक्षण पर आधारित नाट्य प्रस्तुति, पंजाबी और मराठी नृत्य हों या नारी सशक्तिकरण पर आधारित प्रेरणादायक नाटिका हर प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मुख्य अतिथि ः- श्री आनंद कलादिगी (एडिशनल एसपी, जबलपुर) ने कार्यकम की सराहना करते हुए कहा, इन प्रस्तुतियों ने न केवल भारतीय संस्कृति की झलक दिखलाई है, बल्कि विद्यार्थियों ने नैतिक मूल्यों और सामाजिक संदेशों को खूबसूरती से व्यक्त किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री विजय कुमार गुप्ता ने की शाला प्रबंधक श्री संजीव टण्डन एवं श्रीमती गीतिका टण्डन की उपस्थिति ने आयोजन को और गरिमामय बनाया। कार्यक्रम में विशिष्ट अथिति वरिष्ठ समाज सेवी श्री अंशुमान शुक्ला, वरिष्ठ अधिवक्ता श्री संजय रूसिया, संचालन समिति के डॉक्टर वडेरा, सुश्री स्मिता कपूर उपस्थित हो कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई शाला प्राचार्य ः- श्रीमती मनीषा पंच ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा, यह आयोजन न केवल हमारी संस्कृति की पहचान है, बल्कि विद्यार्थियों के कौशल और आत्मविश्वास को निखारने का मंच भी है

प्रमुख आकर्षण ः- * नन्हें सितारों का मनमोहक नृत्य और स्वागत गीत। * नाट्य प्रस्तुति उठो द्रौपदी, शस्त्र उठाओ, अब गोविंद न आएंगे, जिसने नारी सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दिया।

# निरंतर बदल रहा साइबर अपराधों का ट्रेंड

## साइबर सिक्योरिटी आज की सबसे बड़ी चुनौती बच्चों के जरिए माँ-पापा को बना रहे शिकार



आज जानते साइबर एक्सपर्ट शुभम अवस्थी से सायबर क्राइम के बारे हर एक बात

सायबर क्राइम क्या है

कंप्यूटर, इंटरनेट, या मोबाइल टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके किए जाने वाले अपराधों को साइबर क्राइम कहा जाता है. साइबर क्राइम के कुछ उदाहरण ये हैंः हैकिंग, फ़िशिंग, पहचान की चोरी, रैनसमवेयर और मैलवेयर हमले.

साइबर क्राइम के बारे में ज़रूरी बातें:

साइबर क्राइम से व्यक्तियों, कारोबारों, और सरकारी संस्थाओं को भारी नुकसान हो सकता है. साइबर क्राइम की पहुंच कोई भौतिक सीमा नहीं जानती. साइबर क्राइम के मामले लगातार बढ़ रहे हैं. साइबर क्राइम के लिए अपराधी कई तरह के तरीके अपनाते हैं, जैसे कि सोशल इंजीनियरिंग और आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस वॉयस क्लोनिंग. अगर कोई नुकसान नहीं भी हुआ है, तो भी घुसपैठ करना साइबर क्राइम के तहत आता है. साइबर क्राइम के लिए अपराधी संगठित भी हो सकते हैं और तकनीकी रूप से बहुत कुशल भी हो सकते हैं. साइबर क्राइम से बचने के लिए, आपको किसी भी तरह की बैंक से जुड़ी जानकारी को इंटरनेट या फ़ोन कॉल के ज़रिए नहीं देनी चाहिए

साइबर क्राइम क्या होता है उदाहरण सहित समझाइए?

साइबर अपराध ऐसे अपराध होते हैं जो कम्प्यूटर, इंटरनेट या मोबाइल टेक्नोलॉजी का उपयोग करके व्यक्तियों, कंपनियों या संस्थानों के प्रति किए जाते हैं। साइबर अपराधी सोशल नेटवर्किंग साइटों, ईमेल, चैट रूम, नकली सॉफ्टवेयर, वेबसाइटों इत्यादि जैसे प्लेटफॉर्मों का उपयोग पीड़ितों पर हमला करने के लिए करते हैं।

साइबर अपराध कितने प्रकार के होते हैं?

साइबर अपराध की श्रेणियाँ साइबर अपराध के अंतर्गत 3 प्रमुख श्रेणियाँ आती हैं जिसमें व्यक्ति विशेष, संपत्ति और सरकार के विरुद्ध अपराध शामिल हैं।

साइबर क्राइम में कौन-कौन से अपराध आते हैं?

साइबर अपराध क्या है? गतिविधियों की विस्तृत श्रृंखला जैसे गैरकानूनी रूप से किसी की निजी जानकारी प्राप्त करना, जानकारी मिटाना, उसका गलत इस्तेमाल करना, उसमें फेरबदल करना, ऑनलाइन बैंक खातों से पैसे चुराना आदि सम्मिलित हैं

साइबर अपराध भी कई प्रकार के है जैसे कि स्पैम ईमेल, हैकिंग, फिशिंग, वायरस को डालना, किसी की जानकारी को ऑनलाइन प्राप्त करना या किसी पर हर वक्त नजर रखना।

ऑनलाइन साइबर क्राइम को कैसे रोका जा सकता है?

एक मजबूत एन्क्रिप्शन पासवर्ड सेट करके और वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (ङ्कक्कह्) का उपयोग करके शुरुआत करें। ङ्कक्कह् आपके डिवाइस से सभी ट्रैफ़िक को तब तक एन्क्रिप्ट करता है जब तक कि वह अपने गंतव्य तक न पहुँच जाए, यह सुनिश्चित करता है कि भले ही साइबर अपराधी आपके संचार को बाधित कर दें, वे केवल एन्क्रिप्टेड डेटा तक ही पहुँच सकते हैं।

ऑनलाइन फ्रॉड को कैसे पकड़ें?

ऑनलाइन फ्रॉड के मामले में उपभोक्ताओं को शिकायत करने के लिए सीधे पुलिस स्टेशन जाना चाहिए या फिर नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से भी शिकायत की जा सकती है। शिकायत करने के लिए 24 घंटे के भीतर शिकायत दर्ज करानी चाहिए।

साइबर ठगी होने पर क्या करें?

अगर किसी के साथ साइबर ठगी हो जाती है तो तुरंत 1930 पर शिकायत करें। इससे आपकी ठगी की रकम को जालसाज के ट्रांसफर करने से पहले फ्रीज कर दिया जाता है। अगर आपकी रकम पुलिस की ओर से फ्रीज हो गई है तो उसे डिफ्रीज करने का अधिकार पुलिस के पास नहीं है।

1930 का नंबर क्या है?

1930 एक राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर है जो उन व्यक्तियों की सहायता के लिए बनाई गई है जो साइबर अपराधों, विशेष रूप से वित्तीय धोखाधड़ी का शिकार हो जाते हैं । हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करके और आवश्यक विवरण प्रदान करके, आप घटना की रिपोर्ट कर सकते हैं द्ब

क्या साइबर क्राइम पैसे वापस करता है?

बैंक खाते से की गई धोखाधड़ी के मामले में यदि गोल्डन ऑवर यानी पहले एक घंटे के भीतर भारतीय साइबर अपराध केंद्र तक शिकायत पहुंचती है तो राशि को साइबर अपराधियों के खाते से वापस लिया जा सकता है।

साइबर क्राइम की सजा कितनी होती है?

कानूनः आईटी कानून 2000 की धारा 77 बी, आईटी (संशोधन) कानून 2008 की धारा 66 डी, आईपीसी की धारा 417, 419, 420 और 465। सजाःतीन साल तक की जेल और/या जुर्माना।

क्या करें क्या न करें

1. किसी अनजान काल पर विश्वास कर आपकी व्यक्तिगत बैंकिंग जानकारी शेयर नहीं करना है। परिचित जैसी आवाज लगने पर भी अन्य स्रोतों से उसे वेरिफाई कर लें।

2. व्हाट्सएप, फेसबुक, या किसी अन्य ऐप वेबसाइट पर किसी फर्जी लिंक पर क्लिक न करें।

3. फोन पर कोई पुलिस अधिकारी बन कर किसी कानूनी कार्यवाही का डर दिखाकर पैसों कि मांग करता है तो उसपर विश्वास न करें।

4. सोशल मीडिया पर किसी अनजान से दोस्ती न करें।

5. अनावश्यक एप्लीकेशन डाउनलोड करने बचें। फ्री की अनावश्यक किसी वेबसाइट पर सर्चिंग न करें, क्योंकि एप्लीकेशन डाउनलोड करने के उपरांत हम गैलरी, कॉन्टैक्ट, विडियो आदि का एक्सेस देते हैं। इससे हमारी प्राइवेसी का भंग होती है।

6. अपने बैंक खाते में अपने रजिस्टर्ड नम्बर का स्रूस् अलर्ट एक्टिव रखे। फ़ोन नम्बर यदि बदल दिया है या खो गया है और उसी नम्बर का दूसरा सिम नहीं जारी करवाए हैं तो बैंक में नया नम्बर अपडेट कराएं।

**डॉ.शुभम अवस्थी**
**एक्सपर्ट आई.टी.सोशल मीडिया**



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि ) थाना मझगवां अन्तर्गत बरमदाना हनुमान मंदिर के पास मझगवा-सिलौड़ी मेन रोड़ में वाहन चैकिंग के दौरान क्राईम ब्रांच एवं थाना मझगवां की टीम को बिना नम्बर की लाल रंग की बैगनार कार टोल नाका फनवानी तरफसे आती दिखी जिसे रोकने पर कार चालक अपनी सीट से निकलकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिसने पूछताछ पर अपना नाम महेश बर्मन उम्र 53 वर्ष निवासी शिवाजी वार्ड नम्बर 9 सिहोरा बताया, बैगनार कार की तलाशी लेने पर डिक्की में प्लास्टिक की सफेद रंग की 2 बोरियां भरी बंधी हुयीं

# सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने पुण्य सलिला नर्मदा में लगाई आस्था की डुबकी

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में चल रही शीतलहर के बीच सोमवती अमावस्या पर आज पुण्य सलिला नर्मदा नदी में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई. इस मौके पर नर्मदा नदी के गौरीघाट, उमाघाट, जिलहरी घाट, तिलवारा घाट में लोगों की भीड़ देखने को मिली. इसके अलावा नर्मदापुरम में नर्मदा नदी के घाट व उज्जैन में शिप्रा नदी में लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई. इन सभी क्षेत्रों में भीड़ को देखते हुए पुलिस व जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे.



जबलपुर में गौरीघाट, जिलहरी घाट, तिलवारा घाट पर आज सुबह 5 बजे से ही श्रद्धालुओं का आना शुरु हो गया था. शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग परिवार सहित पहुंचे, यहां पर लोगों ने स्नान के बाद पूजन-अर्चन किया. एक अनुमान के तहत बताया गया है कि जबलपुर में नर्मदा नदी के घाटों पर 50 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे है. गौरतलब है कि यह साल 2024 की अंतिम सोमवती अमावस्या है. यह सोमवती अमावस्या सनातनियों के लिए इसलिए भी खास है क्योंकि साल 2025 में सोमवती अमावस्या नहीं पड़ रही है. इसके लिए 15 जून 2026 का इंतजार करना पड़ेगा.

**15 जून 2026 को अगली सोमवती अमावस्या-**

नर्मदापुरम के सेठानी घाट में भी हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई. यहां पर भी आज सुबह 5 बजे से ही कड़कड़ाती ठंड में श्रद्धालुओं के स्नान का सिलसिला शुरू हुआ. नर्मदापुरम के विवेकानंद घाट, परमहंस घाट, कोरी घाट, पर्यटन घाट, बांद्राभान संगम सहित जिलेभर के घाटों पर भारी भीड़ रही.

# बिना नम्बर की कार से हो रही गांजा की तस्करी, पुलिस ने घेराबंदी कर अवैध कारोबारी को पकड़ा

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित मझगवां-सिलौड़ी रोड पर पुलिस ने बिना नम्बर की वेगेनार कार को रोककर करीब 22 किलो 840 ग्राम गांजा बरामद किया है. इस मामले में पुलिस ने महेश बर्मन नामक बदमाश को भी पकड़ा है जो गांजा की सप्लाई करने के लिए निकला था. पुलिस ने कार सहित गांजा जब्त कर आरोपी युवक से पूछताछ शुरु कर दी है.

पुलिस अधिकारियों के अनुसार शिवाजी वार्ड नम्बर 9 सिहोरा निवासी महेश बर्मन बिना नम्बर की कार में करीब 22 किलो गांजा भरकर निकला. इस बात की खबर मिलते ही क्राइम ब्रांच व मझगवां पुलिस की टीम ने मझगवां-सिलौड़ी रोड पर चेकिंग लगा दी. महेश बर्मन कार लेकर जैसे ही बरमदाना हनुमान मंदिर के पास पहुंचा तो पुलिस ने हाथ देकर रोका, जिसपर महेश ने कार को तेजी से लेकर भाग निकला. पुलिस ने पीछा करते हुए कार को रोककर महेश को हिरासत में ले लिया. इसके बाद कार की तलाशी ली तो डिक्की में प्लास्टिक की सफेद रंग की 2 बोरियां भरी बंधी कंबल व चादर से ढकी हुई मिलीं जिन्हे खोलकर देखने पर दोनों बोरियों में ब्राउन रंग के टेप से लिपटे 22 पैकेटों में अवैध मादक पदार्थ गांजा भरा मिला. पुलिस ने करीब 22 किलो 840 ग्राम गांजा कीमती लगभग 4 लाख 50 हजार रुपए का होना पाया गया. पुलिस ने वेगेनार व गांजा जब्त करते हुए अवैध कारोबारी महेश बर्मन के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पूछताछ शुरु कर दी है कि उक्त गांजा कहां से ला रहा था किसे सप्लाई करना था. अवैध कारोबारी को पकडने में मझगवां टीआई धन्नू सिंह, एसआई रघुवीर सिंह सरौते, एएसआई विजय कुमार डेहरिया, राजेश मिश्रा, प्रधान आरक्षक राधेश्याम बघेल, ज्योतेन्द्र ज्योतिषी, आरक्षक गोकुल सिंह, दयाराम परते, हरिनारायण लोधी, सैनिक कृष्णकुमार यादव तथा क्राईम ब्रांच के एएसआई कैलाश मिश्रा, प्रधान आरक्षक अमित पटैल, अतुल गर्ग, आरक्षक रंजीत यादव, प्रमोद सोनी, अजय दीक्षित की सराहनीय भूमिका रही.

## इनामी शातिर बदमाश अंकुश पाण्डे पकड़ा गया, पिस्टल एवं 4 कारतूस जप्त

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना प्रभारी अधारताल श्री राजकुमार खटीक ने बताया कि विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि अंकुश पाण्डे पिस्टल लिये कोई घटना कारित करने की फिराक में अधारताल तालाब के पास खड़ा है, सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी जहां मुखबिर के बताये हुलिये का युवक खडा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसनें नाम पता पूछने पर अपना नाम अंकुश पाण्डे उम्र 26 वर्ष निवासी बड़ादेव मंदिर के पास सुहागी अधारताल बताया, तलाशी लेने पर कमर में एक पिस्टल खोसे मिला, चैक करने पर मैगजीन में 4 कारतूस लोड मिले,

# संजीवनीनगर पुलिस का जुआ के फड़ पर छापा

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना प्रभारी संजीवनीनगर श्री बी.डी. द्विवेदी ने बताया कि विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि श्यामनगर, परसवाड़ा में कुछ व्यक्ति जुआ मन्ना खेल रहे हैं, सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई, श्यामनगर मे ऋषि तिवारी के घर के सामने बिजली के खम्बे के नीचे उजाले में जुआरी ताश पत्तों पर रूपये पैसों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेलते दिखे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर सभी ने अपने नाम क्रमशः ऋषि तिवारी निवासी हाउसिंग बोर्ड आफिस के पीछे धनवंतरीनगर, विनय पटैल निवासी छोटे जैन मंदिर के पास पुरवा गढ़ा, संदीप कुमार निवासी लालकुआ पोलीपाथर, ग्वारीघाट, अभिनाष दुबे निवासी दीक्षितपुरा गोपाल विहार थाना कोतवाली, राजेश ठाकुर निवासी परसवाड़ा कालोनी, अजय अग्रवाल निवासी श्रीराम नगर गुलौआ चौक मदनमहल, जय चौकसे निवासी सागर कालोनी धनवंतरीनगर बताये, जुआरियों के पास एवं फड़ से ताश के 52 पत्ते एंव 19 हजार 500 रूपये जप्त करते हुये जुआरियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय भूमिका- जुआरियों को पकड़ने मे चौकी प्रभारी संजीवनीनगर उप निरीक्षक आशुतोष मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक अनिल सिंह परिहार, कुंजीलाल मेहरा, आरक्षक सुरेन्द्र, रजनीश की सराहनीय भूमिका रही।

## अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 2 आरोपी गिरफ्तार,300 पाव देशी शराब मय एक्सिस के जप्त

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना प्रभारी शहपुरा श्री जितेन्द्र पाटकर ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि काले रंग की एक्टिवा में 2 व्यक्ति शराब लेकर आ रहे है। सूचना पर मालकछार रोड पर घेराबंदी की कुछ समय बाद काले रंग की एक्सिस आती दिखी जिसे रोकने का प्रयास करने पर भागने लगे, जिनका पीछा कर मालकछार रोड पुलिया के पास घेराबंदी कर रोका गया, एक्सिस में सामने तरफ एक बोरी एवं पीछे बैठने वाला व्यक्ति एक बोरी पकड़े हुये था, नाम पता पूछने पर एक्सिस चालक ने अपना नाम तरूण पटेल उम्र 18 वर्ष निवासी बेदराना मोहल्ला गढ़ा एवं पीछे बैठने वाले ने अपना नाम समीर श्रीवास्तव उम्र 19 वर्ष निवासी शाही तालाब संजीवनीनगर बताया,

# कोहरे के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुआ ट्रक, फर्जी निकली लूट की कहानी

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** पाटन थाना क्षेत्र की सीमा पर शनिवार की रात कोहरे के कारण हरियाणा से चावल लोड कर आंध्र प्रदेश जा रहा ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के बाद ट्रक चालक ने पुलिस को बताया कि नकाबपोश कार सवार लुटेरों ने ट्रक रोककर चावल लूट लिए। पुलिस ने जाँच-पड़ताल की तो चालक द्वारा बताई गई लूट की कहानी झूठी निकली। पूछताछ में चालक ने कबूल किया कि मालिक के डर से उसने लूट की कहानी गढ़ी थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीए 7486 का चालक हरियाणा से ट्रक में चावल लोड कर आंध्र प्रदेश के लिए रवाना हुआ था। पाटन थाना क्षेत्र में बगदरी के पास शनिवार की रात ढाई बजे के करीब कोहरा होने के कारण चालक को मोड़ नजर नहीं आया और ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के बाद दहशत में चालक ने थाने में सूचना दी कि कार सवार 4 नकाबपोश लुटेरों ने ट्रक रोका और उसमें लोड चावल लूट लिए। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची व आसपास घेराबंदी कराई गई। जाँच के दौरान ट्रक दुर्घटनाग्रस्त होने के दौरान उस मार्ग से कोई कार गुजरने की पुष्टि नहीं हुई। पुलिस ने जब चालक से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने लूट की बात फर्जी कहानी गढ़ना कबूल किया।

### प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी की तलाश

**जबलपुर-** थाना अधारताल में रात शिवम सिंह ठाकुर उम्र 27 वर्ष निवासी शांता मंदिर के पास न्यू रामनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ट्रांसपोर्ट का काम करता है आज रात लगभग 00-10 बजे वह तथा उसके छोटे भाई महेश एवं गणेश तीनों काम करके घर वापस जा रहे थे जैसे ही बैंक ऑफ महाराष्ट्र के पास मन्नू मार्केट के सामने पहुँचे वहां पर अमखेरा जागृतिनगर निवासी पप्पू केवट खड़े होकर अनावश्यक गाली गलौज कर रहा था हम लोगों ने पूछा कि क्या हो गया किसे गालियां दे रहे हो

# अनियंत्रित होकर खाई में गिरी कार, 1 की मौत 2 घायल

## कुंडम थाना क्षेत्र में ग्राम तिलसानी के पास हुआ हादसा

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** । कुंडम थाना क्षेत्र स्थित ग्राम तिलसानी 17 मील के पास शनिवार की रात अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से अनियंत्रित हुई कार करीब 20 से 30 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में कार सवार एक की मौत हो गई, वहीं दो लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर सूचना मिलने पर मामला दर्ज कर पुलिस घटना की जाँच में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बघराजी निवासी आशुतोष दीक्षित उम्र 24 वर्ष कार क्रमांक एमपी 20 सीके 4659 से अपने दोस्त अभिषेक महोबिया उम्र 18 वर्ष व अंशुल बर्मन उम्र 24 के साथ शनिवार की रात जबलपुर आ रहे थे। तिलसानी 17 मील स्थित सूखा नाला के पास उनकी कार को किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे के दौरान वहाँ से गुजर रहे राहगीरों ने पुलिस व 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना पर पहुँची पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर कार सवारों को कार से बाहर निकाला गया। सभी गंभीर रूप से घायल थे। घायलों को इलाज के लिए विक्टोरिया अस्पताल पहुँचाया गया जहाँ चिकित्सकों ने आशुतोष को मृत घोषित कर दिया। वहीं अभिषेक व अंशुल को मेडिकल रेफर किया गया है।

### सूने मकान का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवर चुराने वाले की तलाश

**जबलपुर -** थाना संजीवनीनगर में आज नितिन बर्मन उम्र 32 वर्ष निवासी उन्नतिनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह एमपीईबी में प्राईवेट ड्रायवरी करता है दिनांक 28-12-24 को दोपहर लगभग 12 बजे घर में ताला लगाकर चाबी पड़ौसी अखिलेश सेन के घर देकर ड्यिूटी चला गया था, उसके परिवार वाले चार पांच दिन पहले पैतृक गांव पाटन गये हैं

## डी.के.नेमा होंगे आज सेवानिवृत्त



जबलपुर /कृषि विभाग कार्यालय पनागर में, सेवारत श्री डी.के.नेमा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पद पर 39 वर्षों की सेवा उपरांत अपनी अधिवार्षिकीय आयु पूर्ण कर 31 दिसम्बर 2024 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं ।

### मारपीट करने वाले आरोपियों की तलाश

**जबलपुर-** थाना लार्डगंज मे देर रात्रि अनिल कुमार सोनी उम्र 40 वर्ष निवासी हरदौल मंदिर के पीछे कोतवाली ने रिपोर्ट दर्ज कराई

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/231 जबलपुर दिनांक 30.12.2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री रामशरण चौकसे, पिता- स्व. श्री रामदयाल चौकसे** ने मकान नं. 3434/पी-651 **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय** पिन नं. 1000353646, क्षेत्रफल 800 व.फु., भूतल 480 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/230 जबलपुर दिनांक 30.12.2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती सुनीता मिश्रा, पति- स्व. श्री रामकृष्ण मिश्रा,** ने मकान नं. पी- 72/ए **वार्ड राजीव गांधी** पिन नं. 1000350393, क्षेत्रफल 2450 व.फु., भूतल 1200 व.फु., प्रथमतल 1200 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/232 जबलपुर दिनांक 30.12.2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्री सुधीर खरे, पिता- श्रीराम कृपाल खरे, 2. श्रीमती गायत्री खरे, पति- श्री सुधीर खरे,** ने मकान नं. 2014/एल.एस., पी/424 **वार्ड राजीव गांधी** पिन नं. 1000348997, क्षेत्रफल 450 व.फु., भूतल 450 व.फु., प्रथमतल 450 व.फु., द्वितीयतल 100 व.फु., **विक्रयपत्र ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/229 जबलपुर दिनांक 30.12.2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री आनंद शुक्ला, पिता- स्व. श्री नारायण शुक्ला,** ने मकान नं. 3314 **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय** पिन नं. 1000351935, क्षेत्रफल 798 व.फु., भूतल 400 व.फु., **वसीयतनामा, बटवारानामा, मृत्यु प्रमाण पत्र, ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 323 दिनांक 30.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्री राजेश कुमार सोनी, पिता- श्री एस.एन.सोनी, 2. श्रीमती श्वेता सोनी, पति- श्री राजेश कुमार सोनी,** ने मकान नं. 316/1 , सम्पत्ति पिन नं. 2000102444, **वार्ड वीरेन्द्रपुरी वार्ड ,** क्षेत्रफल 800 व.फु., भूतल 700 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 322 दिनांक 30.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती पुष्पा खरे, पति- स्व. श्री श्याम बिहारी** ने मकान नं. सी-एफ. , सम्पत्ति पिन नं. 1000618237, **वार्ड कमला नेहरू वार्ड ,** भूतल 520 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-16, नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/राजस्व./ सं.क्र.16/ 2024-25/ एम...... दिनांक- 30.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री मोहम्मद मुस्तफा, पिता- अब्दुल कुद्दूस,** ने पिन नं. 1000394756 भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस.- 31 , **वार्ड क्र. 41 वार्ड संजय गांधी वार्ड,** भूतल 340.56 व.फु., प्रथमतल 300 व.फु., , **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. ई.डब्ल्यू.एस.- 31 , पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-16** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-16 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/191 दिनांक 30.12.2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती सरला द्विवेदी, पति- स्व. श्री अशोक कुमार द्विवेदी, एवं श्रीमती कीर्ति दुबे, पति- श्री रोहित कुमार दुबे,** ने मकान नं. 3036/पी-431/14 , **वार्ड महाराजा अग्रसेन वार्ड,** क्षेत्रफल 1381 व.फु., भूतल 1381 व.फु., प्रथमतल 1213 व.फु., द्वितीयतल 1213 व.फु., तृतीयतल 400 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/190 दिनांक 30.12.2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती नम्रता जैन, पिता- स्व. श्री रमेश चंद जैन** ने मकान नं. 599/1 डी-130/ए का हिस्सा , **वार्ड पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड,** क्षेत्रफल 1200 व.फु., भूतल 1000 व.फु., प्रथमतल 400 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/189 दिनांक 30.12.2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती सुरभि जैन, पति- श्री दिलीप कुमार जैन, एवं श्री दिलीप कुमार जैन, पिता- स्व. श्री जितेन्द्र कुमार जैन,** ने मकान नं. 599/1 डी-130 , **वार्ड पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड,** क्षेत्रफल 1200 व.फु., भूतल 1000 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं. 87, सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 30.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री राजकुमार सोनकर, पिता- श्री लखन लाल सोनकर,** ने मकान नं. 1035-1037, पिन नं. 1001982581 **वार्ड चन्द्रशेखर आजाद वार्ड,** क्षेत्रफल 4720 व.फु. **आधार कार्ड, विक्रयपत्र, शपथपत्र,** के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामि-1. श्रीमती अंजली दुबे, पति- स्व. श्री विश्वनाथ दुबे, 2. गोरा दुबे, पिता- स्व. श्री विश्वनाथ दुबे, मकान नं. 1035-1037, पिन नं. 1001982581 द्वारा प्रदत मकान नम्बर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया जाता है। अतः जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं. 86, सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 30.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री शंभू प्रसाद मेहरा, पिता- श्री परषोत्तम लाल मेहरा,** ने प्लाट नं. 33/2 पिन नं. 1003859591 **वार्ड गोकलपुर वार्ड,** क्षेत्रफल 1200 व.फु. **आधार कार्ड, विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामि- श्री श्रीपाल गौतम, पिता- स्व. श्री टी.आर. गौतम, प्लाट नं. 33/2 न्यू शोभापुर, पिन नं. 1003859591 द्वारा प्रदत मकान नम्बर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया जाता है। अतः जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं.- 22/ सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 30.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक **श्रीमती किरन बंजारा, पति- श्री राकेश बंजारा,** ने शासकीय नजूल भूमि में निर्मित भवन नं. 2855, **वार्ड 64 वार्ड ,** भूतल 819 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 819 व.फु. आर.सी.सी., **संलग्न- शपथपत्र, नजूल विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, कर भु. रसीद,** प्रपत्रों के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामि श्रीमती गिन्नी बाई, भवन नं 2855, पिन नं. 1000406144 , सं.नं. 1002450203 की जगह अपना नाम काबिज में दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त काबिज नामांतरण में कोई आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं.- 21/ सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 30.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक **श्री अमित दाहिया, एवं श्री सुमित दाहिया, पिता- स्व. श्री शिवदास दाहिया,** ने शासकीय नजूल भूमि में निर्मित भवन नं. 1672 के भाग, **वार्ड 62 वार्ड ,** क्षेत्रफल 280 व.फु. कच्चा, भूतल 280 व.फु. कच्चा, **संलग्न- आपसी बॅटवारानामा, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, कर भु. रसीद,** प्रपत्रों के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामि श्री दयाराम दाहिया, भवन नं 1672 के भाग, पिन नं. 1000415872 , सं.नं. .... की जगह अपना नाम काबिज में दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त काबिज नामांतरण में कोई आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं.- 20/ सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 27.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक **श्रीमती संगीता, पति- स्व. श्री अमर सिंह** ने शासकीय नजूल भूमि में निर्मित भवन नं. 983 **वार्ड 69 वार्ड ,** भूतल 650 व.फु. कच्चा, **संलग्न- शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, कर भु. रसीद,** प्रपत्रों के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामि श्री अमर सिंह ठाकुर, भवन नं 983 , पिन नं. 1000589235 , सं.नं. .... की जगह अपना नाम काबिज में दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त काबिज नामांतरण में कोई आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999